●वर्ष : 16 ●अंक : 260 ●मूल्य : 02 रूपया मात्र पृष्ठ : 08 RNI No. DELHIN/2008/23928

# दैनिक लोकतंत्र की शान

लोकतंत्र का स्तंभ

दिल्ली से प्रकाशित

रविवार 12 जनवरी 2025

Mfg & mkt by.. ANGEN PHARMACEUTICALS (OPC) PRIVATE LIMITED



Distributorship ke liye contact Karen . ( 9315755133 / ya email Karen) angenpharmaceuticals@gmail.com

## समाचार

### गुजरात में एचएमपीवी का चौथा मामला आया सामने नौ महीने के बच्चे में संक्रमण की पुष्टि

**अहमदाबाद।** में एक नौ महीने के बच्चे को ह्यूमन मेटान्यूमोवायरस (एचएमपीवी) से संक्रमित पाया गया है। यह शिशु गुजरात में चौथा एचएमपीवी-पॉजिटिव मामला है, सभी मामले एक सप्ताह से भी कम समय में रिपोर्ट किए गए हैं। जानकारी के मुताबिक, बच्चे को 6 जनवरी को शहर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उसे सर्दी, खांसी और सांस लेने में दिक्कत हुई। अहमदाबाद नगर निगम ने कहा कि उनका विदेश या अन्य यात्रा का कोई इतिहास नहीं है। इससे पहले शुक्रवार को साबरकांठा जिले में एक आठ वर्षीय लड़के के एचएमपीवी से संक्रमित होने की पुष्टि हुई थी, जिससे यह राज्य में तीसरा मामला बन गया। दो दिन पहले, अहमदाबाद में एक 80 वर्षीय व्यक्ति में वायरल संक्रमण की पुष्टि हुई थी। बुजुर्ग अस्थमा से पीड़ित है और फिलहाल एक निजी अस्पताल में उसका इलाज चल रहा है। अहमदाबाद नगर निगम के अधिकारियों ने पुष्टि की कि उन्होंने भी विदेश यात्रा नहीं की थी। यह ध्यान दिया जाना चाहिए कि एचएमपीवी का पहला मामला 6 जनवरी को गुजरात में दर्ज किया गया था।

# राहुल गांधी कब उतरेंगे दिल्ली के रण में?

## अरविंद केजरीवाल की टेंशन बढ़ाने आ रहे ये नेता

### मायावती और ओवैसी की प्लानिंग

दिल्ली चुनाव में इस बार कांग्रेस और भाजपा ही नहीं बल्कि कई अन्य दल भी अरविंद केजरीवाल की टेंशन बढ़ाने वाले हैं. दिल्ली में बसपा और एआईएमआईएम जैसे छोटे राजनीतिक दल आगामी विधानसभा चुनाव में तीन मुख्य राजनीतिक दलों आप, भाजपा और कांग्रेस के वोट काटने की रणनीति बना रहे हैं, ताकि उनका खेल बिगाड़ा जा सके. बहुजन समाज पार्टी (BSP) सभी 70 सीट पर चुनाव लड़ने की योजना बना रही है, जबकि ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन 10 से ज्यादा मुस्लिम बहुल सीटों पर उम्मीदवार उतार रही है। दोनों दलों ने अपने प्रमुख नेताओं- मायावती (बसपा) और असदुद्दीन ओवैसी (एआईएमआईएम) की रैलियों की योजना बनाई है।



नूना न्यूज एजेंसी।

**दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए सोमवार को सीलमपुर में एक रैली को संबोधित करेंगे. दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी कार्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के दिल्ली प्रभारी काजी निजामुद्दीन ने कहा कि राहुल गांधी देश की जनता की आवाज बनकर उभरे हैं. जहां भी कोई मुद्दा होता है, राहुल गांधी वहां पहुंचते हैं और लोगों की आवाज उठाते हैं। निजामुद्दीन ने कहा, 'कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी सोमवार को शाम 5:30 बजे उत्तर-पूर्वी दिल्ली के सीलमपुर इलाके में 'जय बापू, जय भीम, जय संविधान' नाम से जनसभा को संबोधित करेंगे. इसमें बड़ी संख्या में लोग, कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ता और नेता भाग लेंगे.' यह दिल्ली में गांधी की पहली रैली होगी. दिल्ली की 70 सदस्यीय विधानसभा के लिए पांच फरवरी को मतदान होगा. मतगणना आठ फरवरी को होगी।

राष्ट्रीय राजधानी में छोटे राजनीतिक दल आगामी चुनाव में कड़ी चुनौती पेश करने के लिए कमर कस रहे हैं. वे मुस्लिम बहुल इलाकों में विभिन्न मुद्दों को हल करने, भ्रष्टाचार से निपटने और सुशासन समेत कई वादे कर रहे हैं. इनमें से एक भारतीय लिबरल पार्टी (बीएलपी) है, जिसकी स्थापना हाल ही में अमेरिका में रहने वाले चिकित्सक मुनीश कुमार रायजादा और अन्ना हजारे के नेतृत्व वाले भ्रष्टाचार रोधी आंदोलन से जुड़े अन्य लोगों ने की है. रायजादा ने कहा कि वह और अरविंद केजरीवाल भ्रष्टाचार रोधी आंदोलन का हिस्सा थे, लेकिन अब उन्होंने आप' को कड़ी टक्कर देने का फैसला किया है। लगभग 15 महीने पहले भारत लौटे रायजादा नयी दिल्ली सीट से आप' प्रमुख केजरीवाल के खिलाफ चुनाव लड़ेंगे। इस सीट से पूर्व भाजपा सांसद प्रवेश वर्मा भी चुनाव लड़ रहे हैं, जबकि कांग्रेस ने संदीप दीक्षित को टिकट दिया है. रायजादा ने पीटीआई-भाषा' से कहा, हम दिल्ली में दीर्घकालिक विकास करेंगे. अगर बीएलपी दिल्ली में सत्ता में आती है तो सबसे पहले हम भ्रष्टाचार निरोधक आयोग (एसीसी) का गठन करेंगे। दलित और वंचित समुदायों के बीच अपना आधार मजबूत करने पर ध्यान केंद्रित कर रही बहुजन समाज पार्टी ने सभी 70 सीट पर चुनाव लड़ने का फैसला किया है और उसे लगता है कि इससे उसके प्रतिद्वंद्वियों का रास्ता मुश्किल हो जाएगा। आने वाले दिनों में पार्टी मायावती की रैलियां आयोजित करने की योजना बना रही है। बसपा के केंद्रीय समन्वयक नितिन सिंह ने कहा कि पार्टी का ध्यान बेहतर अवसर प्रदान करने पर है। सिंह ने कहा, 2008 से 2012 के बीच हमारे पास महत्वपूर्ण वोट शेयर था. हमारे लोगों को केजरीवाल ने झूठे वादे से गुमराह किया। पांच फरवरी होने वाले चुनाव में, हम अपने वोट शेयर को वापस पाने के लिए लड़ेंगे और कड़ी टक्कर देंगे।

## यूपी के कन्नौज में बड़ा हादसा

### रेलवे स्टेशन का निमार्णाधीन लिंटर ढहने से कई मजदूर दबे

**उत्तर प्रदेश।** के कन्नौज रलवे स्टेशन का निमार्णाधीन लिंटर ढह गया। रेलवे स्टेशन की दो मंजिला बिल्डिंग का लिंटर डाला जा रहा था.हादसे में करीब 35 मजदूर दब गए। कई मजदूरों की हादसे में मरने की आशंका भी जताई जा रही है। कन्नौज रेलवे स्टेशन का सुंदरीकरण हो रहा है। इसी दौरान ये हादसा हुआ. मौके पर रेलवे सहित, पुलिस व प्रशानिक अफसर पहुंच गए हैं। अब तक 23 मजदूर निकाल लिए गए हैं. 3 की हालत गंभीर बताई जा रही है। पूर्वोत्तर रेलवे गोरखपुर के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने बताया कि घटना स्थल पर रेलवे एवं राज्य सरकार की टीमों द्वारा राहत बचाव कार्य युद्ध स्तर पर जारी है। इस घटना में मामूली रूप से घायल मजदूरों को पांच हजार रुपये तथा गंभीर रूप से घायल मजदूरों को पचास हजार रुपये की Ex -Gratia राशि दी जाएगी। मंडल रेल प्रबंधक/इज्जतनगर वीणा सिन्हा एवं उनकी पूरी टीम घटना स्थल पर शीघ्र पहुंचने वाली है।



## ज्वलंत मुद्दा

## सम्पादकीय



### ताकि बची रहे सांस्कृतिक बहुलता

बीसवीं सदी के भाषा दार्शनिकों में लुडविग विट्गेंश्टाइन का नाम गंभीरता से लिया जाता है। लुडविग ने भाषा को लेकर अनोखी बात कही है, मेरी भाषा की सीमा का अर्थ है, मेरी दुनिया की चौहद्दी। इसका साफ मतलब यह है कि हर व्यक्ति की अपनी भाषा दरअसल उसकी दुनिया होती है। ऐसी दुनिया, जिसमें सिर्फ भूगोल ही शामिल नहीं है, इतिहास भी है और संस्कृति भी, जिसमें परंपरा भी शामिल है और सदियों का अपना एक्सक्लूसिव ज्ञान भी। जिस तरह नदियां अपने उद्गम और अपने प्रवाह वाले इलाकों की पूरी संस्कृति और पर्यावरण के अथाह गुणों को खुद में समोए रहती हैं, भाषाएं भी नदी की भांति ही अपनी परंपरा, अपनी सोच, अपने दर्शन, अपने भूगोल और अपने इतिहास के साथ ही समूची संस्कृति को लेकर प्रवाहित होती रही हैं। यहां सवाल उठ सकता है कि भाषाओं को लेकर ऐसी बातों का संदर्भ क्या है? दरअसल संयुक्त राष्ट्र संघ के संगठन यूनेस्को ने भाषाओं को लेकर जो ताजा रिपोर्ट जारी की है, उसमें कहा गया है कि हर दो हफ्ते बाद दुनिया की एक भाषा मर रही है। यूनेस्को के अनुसार, पहले जहां हर तीन महीने के अंतराल पर एक भाषा की मौत की खबर आती थी, वहीं साल 2019 के बाद इस गति में तेजी आई है। यूनेस्को के मुताबिक, इस दर से हर साल दुनिया से करीब नौ भाषाओं का अस्तित्व खत्म होते जा रहा है। साफ है कि अगर एक भाषा मर रही है तो दरअसल उस भाषा की अपनी विशिष्ट संस्कृति, उसकी अपनी सोच और उसका अपना परिवेशबोध मर रहा है। इन अर्थों में देखें तो भाषाओं का इस तरह मरते जाना दरअसल संस्कृतियों के बहुलवादी स्वरूप का संकुचित होते जाना है। यूनेस्को के अनुसार साल एक हजार ईस्वी तक दुनियाभर में नौ हजार से कुछ ज्यादा भाषाएं अस्तित्व में थीं। जिनकी संख्या घटते-घटते आज सात हजार के आसपास सिमट गई है। यूनेस्को को आशंका है कि भाषाओं के मरने की यही दर बनी रही तो 21वीं सदी के अंत तक दुनियाभर की करीब तीन हजार भाषाओं का अस्तित्व खत्म हो चुका होगा।

SYED ZAKI HAIDER
( EDITOR / PUBLISHER CUM MANAGING DIRECTOR
OF NAI UMMEED NEWS AGENCY
MOBILE NO. 9911371802
EMAIL SYEDZAKIHAIDER786@GMAIL.COM

### भीषण आग, 1.80 लाख लोग घर से भागने को मजबूर

**लॉस एंजिलिस।** अमेरिका के लॉस एंजिलिस क्षेत्र में गुरुवार को भी भीषण जंगल की आग लगी रही, जिसमें कम से कम पांच लोगों की मौत हो गई और लगभग 180,000 लोग अपने घरों से भागने को मजबूर हो गए। लॉस एंजिल्स काउंटी में जल रही पांच आगें बढ़कर 29,000 एकड़ (लगभग 117.3 वर्ग किलोमीटर) से अधिक हो गई हैं।

### स्टांप ड्यूटी चोरी मामले में दो के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज

**भोपाल।** ईओडब्ल्यू ने कूटरचित दस्तावेजों के आधार पर सरकार को 18 लाख रुपए की राजस्व हानि पहुंचाने के मामले में दो आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर मामला जांच में ले लिया है। नर्मदापुरम जिले की पिपरिया तहसील के मेंहदीखेड़ा गांव में 10 हेक्टेयर से अधिक भूमि की रजिस्ट्री से जुड़ा यह मामला है। इस संबंध में भोपाल के अरेरा कॉलोनी क्षेत्र निवासी उदयप्रकाश मिन्हास और मनमीत कौर नाम के व्यक्तियों ने कूटरचित दस्तावेजों के जरिए शासन को लगभग 18 लाख रुपयों के राजस्व की हानि पहुंचायी।

### रविचंद्रन अश्विन का बड़ा बयान, कहा-

## हिंदी आधिकारिक भाषा

**एजेंसी ■ नई दिल्ली**

भारतीय टीम के पूर्व अनुभवी ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने एक निजी कॉलेज के कार्यक्रम में हिंदी भाषा को लेकर बड़ा बयान दिया है। ग्रेजुएशन सेरेमनी के दौरान अश्विन ने हिंदी भाषा को लेकर टिप्पणी की। अश्विन ने कहा कि, हिंदी भारत की राष्ट्र भाषा नहीं है। अश्विन ने छात्रों से पूछा कि अगर कोई अंग्रेजी या तमिल नहीं बोलना जानता है तो क्या कोई हिंदी में प्रश्न पूछने में रुचि रखता है।

अश्विन ने इस दौरान भारत में भाषा का मामला उठाया। उन्होंने देखा कि हिंदी शब्द बोलने के बाद लोगों की कैसी प्रतिक्रिया थी। अश्विन ने अपने संबोधन के दौरान कहा, मुझे लगता है कि मुझे यह कहना चाहिए कि हिंदी हमारी राष्ट्र भाषा नहीं है, यह आधिकारिक भाषा है। मालूम हो कि हिंदी और तमिल भाषा को लेकर हमेशा चर्चा होती है और तमिलनाडु में यह एक संवेदनशील मुद्दा रहा है।



#### कप्तानी को लेकर रखी राय

अश्विन ने हाल ही में ऑस्ट्रेलिया दौरे के बीच में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने का फैसला किया था। छात्रों को संबोधित करते हुए उन्होंने अपने करियर के बारे में भी बात की। अश्विन स्पष्ट विचारों के लिए जाने जाते हैं। उन्होंने कहा कि कई बार यह अटकलें लगी कि मैं कप्तानी संभालूंगा, लेकिन उन्होंने कभी ऐसा किया नहीं। अश्विन ने कहा, जब कोई ऐसा कहता है कि मैं यह नहीं कर सकता तो मैं इसे जरूर करना चाहता। लेकिन जब कोई कहता है कि मैं ऐसा कर सकता हूं तो मेरी रुचि खत्म हो जाती है।

### निर्णय : उच्चतम न्यायालय ने अपने फैसले के खिलाफ याचिकाएं खारिज की

## समलैंगिक विवाह पर कानूनी रोक की समीक्षा से इनकार

**एजेंसी ■ नई दिल्ली**

उच्चतम न्यायालय समलैंगिक विवाह को कानूनी मंजूरी देने से इनकार करने के अपने फैसले की समीक्षा की मांग करने वाली याचिकाएं खारिज कर दी हैं। न्यायमूर्ति बी आर गवई, न्यायमूर्ति सूर्य कांत, न्यायमूर्ति बी वी नागरत्ना, न्यायमूर्ति पी एस नरसिम्हा और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की संविधान पीठ ने यह कहते हुए कि उन्हें अपने पिछले फैसले में रिकॉर्ड पर कोई त्रुटि नहीं दिखी, समीक्षा करने से इनकार कर दिया। याचिकाओं में उच्चतम न्यायालय की समलैंगिक विवाह को कानूनी मंजूरी देने से इनकार करने वाले 17 अक्टूबर, 2023 के फैसले की समीक्षा की मांग की गई थी।

चैंबर कार्यवाही के बाद गुरुवार अपने आदेश में पीठ ने कहा, हमने न्यायमूर्ति एस रवींद्र भट (पूर्व न्यायाधीश) द्वारा खुद और न्यायमूर्ति हिमा कोहली (पूर्व न्यायाधीश) द्वारा दिए गए फैसलों और हममें से एक (न्यायमूर्ति नरसिम्हा) द्वारा दिए गए फैसलों की गई सहमति वाली राय को ध्यान से पढ़ा है, जो बहुमत का मत है। शीर्ष अदालत ने आगे कहा कि दोनों फैसलों में व्यक्त किया गया मत कानून के अनुसार है। इनमें किसी हस्तक्षेप की आवश्यकता नहीं है। पीठ ने कहा, इस आधार पर पुनर्विचार याचिकाओं को खारिज किया जाता है। न्यायालय ने समीक्षा याचिकाओं को खुली अदालत में सूचीबद्ध करने के लिए एक आवेदन को भी खारिज कर दिया।इस मामले से संबंधित याचिकाओं पर न्यायाधीशों के कक्षों में विचार किया गया।



■ न्यायमूर्ति संजीव खन्ना (वर्तमान मुख्य न्यायाधीश) द्वारा 10 जुलाई, 2024 को समीक्षा याचिकाओं की सुनवाई से खुद को अलग करने के बाद नई पीठ का गठन किया गया था।

■ शीर्ष अदालत के नियमों के अनुसार, समीक्षा याचिकाओं पर न्यायाधीशों द्वारा दस्तावेजों के प्रसार और अधिवक्ता की उपस्थिति के बिना न्यायाधीश कक्षों में विचार किया जाता है।

■ शीर्ष अदालत ने पहले ही समीक्षा याचिकाओं पर खुली अदालत में सुनवाई की अनुमति देने से इनकार कर दिया था।

■ विशेष रूप से न्यायमूर्ति पी एस नरसिम्हा (पांच न्यायाधीशों वाली मूल संविधान पीठ के एकमात्र सदस्य हैं) ने फैसला सुनाया, क्योंकि पूर्व मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति एस के कौल, और रवींद्र भट और हिमा कोहली सेवानिवृत्त हो चुके हैं।

### सिंहस्थ-2028 की तैयारियां

## आज उज्जैन संभागायुक्त लेंगे इंदौर-देवास-उज्जैन के कलेक्टरों की बैठक

**■ उज्जैन**

सिंहस्थ-2028 की तैयारियों को लेकर उज्जैन संभागायुक्त संजय गुप्ता द्वारा शनिवार प्रातः 11.30 बजे उज्जैन कलेक्टर के सभाकक्ष में एक महत्वपूर्ण बैठक ली जाएगी। इस बैठक में इंदौर-देवास-उज्जैन के कलेक्टर्स शामिल होंगे।



बैठक में इनके साथ उज्जैन नगर निगम आयुक्त, उज्जैन संभाग के संयुक्त संचालक कोष एवं लेखा, उज्जैन/इंदौर लोक निर्माण विभाग के मुख्य अभियंता तथा लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग इंदौर के मुख्य अभियंता भी उपस्थित रहेंगे। यह बैठक सिंहस्थ-2028 के संचालन हेतु और आवश्यक अधोसंरचना की कार्ययोजना तैयार करने हेतु आहूत होगी। प्रदेश सरकार की मंत्रीपरिषद समिति द्वारा पिछले दिनों संभाग स्तरीय समिति का गठन किया था। इस समिति में उपरोक्त सभी अधिकारियों को शामिल किया गया था। इस समिति को प्रत्येक माह के पहले एवं तीसरे शनिवार को संभागायुक्त उज्जैन की अध्यक्षता में बैठक करके प्रगति की जानकारी साझा करना थी। सभी संभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि वे अपनी कार्ययोजना और कार्यवाही विवरण के साथ उपस्थित रहें।

#### यह होगा बैठक का एजेंडा

■ स्वीकृत कार्यों की अद्यतन स्थिति की समीक्षा।
■ 36 माह की समयावधि में पूर्ण होने वाले प्रोजेक्ट, जिनकी स्वीकृति होना शेष है।
■ समिति की अनुशंसा से प्रेषित की जाने वाली नई परियोजनाओं पर चर्चा। ■ अन्य विषय अध्यक्ष की अनुमति से।

### कांग्रेस जिला बैठक में प्रभारियों को लेकर हुई तकरार पार्टी के संविधान बदलाव के तर्क तक पहुंची

## प्रदेश प्रभारी महासचिव के सामने भिड़े पटवारी-अजय

**■ भोपाल**

मध्य प्रदेश कांग्रेस में संगठनात्मक बदलाव का जो सिलसिला चल रहा है, उसको लेकर वरिष्ठ नेताओं में नाराजगी सामने आती रहती है लेकिन शुक्रवार को भोपाल में प्रबंध समिति की बैठक में यह खुलकर सामने आ गई। बैठक में संगठनात्मक नियुक्तियों को लेकर पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी और पूर्व नेता प्रतपिक्ष व विधायक अजय सिंह भिड़ गए। इस बैठक में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के प्रदेश प्रभारी महासचिव भंवर जितेन्द्र सिंह समेत मप्र कांग्रेस के लगभग सभी नेता मौजूद थे और सबके बीच अजय सिंह ने जिलों में प्रभारियों के ऊपर प्रभारी बनाए जाने के फैसले पर कटाक्ष किया। उन्होंने बाकायदा एक जिलाध्यक्ष को भरी बैठक में खड़ा करके पूछ लिया कि प्रभारियों की वजह से उन्हें क्या-क्या दिक्कते हैं। जिस पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी भड़क गए। उन्होंने जबाव में कहा कि प्रभारी तो एक ही रहेगा। किसी को सिस्टम ब्रेक करना है तो संविधान में बदलाव करना पड़ेगा।







दोनों नेताओं के बीच जारी वार्तालाप से भरी बैठक में सन्नाटा खिंच गया। बात यहीं खत्म नहीं हुई। अजय सिंह ने कहा जिले में प्रभारी के ऊपर प्रभारी आ रहे हैं। एक की नियुक्ति के बाद दूसरे प्रभारी आ गए। सिंह ने पटवारी को जवाब देते हुए कहा कि संविधान में बदलाव हो या न हो। लेकिन जिले में एक प्रभारी हो। ये न हो कि एक आया और फिर दूसरा प्रभारी आ गया और कहा गया कि वो काम नहीं कर पा रहा था। हालांकि बाद में अन्य नेताओं ने चर्चा को आगे बढ़ाकर इसे खत्म करा दिया। इस घटनाक्रम के बाद पार्टी के अन्य नेताओं ने भी मुखरता से अपनी बात रखी। (शेष अंतिम पृष्ठ पर)

## महिला की हत्या कर 10 माह फ्रिज में रखा शव

**■ देवास**

वृंदावन कालोनी सहित शहरभर में शुक्रवार की दोपहर में उस समय सनसनी फैल गई, जब एक फ्रिज में 35 वर्षीय महिला की लाश मिलने की सूचना फैली। चूंकि मामला काफी गंभीरता था, इसीलिए सूचना मिलते ही बीएनपी थाना प्रभारी अमित सोलंकी सहित पुलिस अधीक्षक पुनीत गेहलोद व अन्य अधिकारी मौके पर पहुंच गए और लाश को बरामद कर जांच में जुट गए। बमुश्किल 5 घंटे की मशक्कत के बाद पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता अर्जित कर ली।

दरअसल भोपाल रोड बायपास पर स्थित वृंदावन कालोनी में धीरेंद्र श्रीवास्तव नामक एक व्यक्ति का मकान है, जिसके दो कमरे में पहले से संजय पाटीदार नामक व्यक्ति रहता था। संजय इस मकान में महिला मित्र प्रतिभा के साथ 5 साल से लिव-इन-रिलेशनशिप में था। मार्च 2024 से संजय कहीं चला गया था, किंतु मकान में सामान रखा हुआ था। संजय ने उक्त मकान खाली नहीं किया था और ताला लगाकर चला गया था। इसी बीच मकान मालिक ने मकान का एक हिस्सा बलवीरसिंह नामक व्यक्ति को हाल ही में किराये पर दे दिया। शुक्रवार सुबह घर की बिजली गुल हो गई, तब नए किरायेदार बलवीर सिंह ने संजय वाले हिस्से के कमरे का दरवाजा खोला तो उसे बदबू आने लगी। जिस पर बलवीर सिंह ने आसपास के लोगों को बुलाकर कमरे में रखे फ्रिज को खोला तो उसमें महिला की लाश मिली। यह देखकर बलवीर व कालोनी के लोग घबरा गए और तत्काल पुलिस को सूचना दी। कुछ ही देर में बीएनपी थाना प्रभारी अमित सोलंकी दलबल के साथ मौके पर पहुंचे और लाश को बरामद करने के साथ वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया। चूंकि मामला काफी गंभीर व सनसनीखेज था। लिहाजा स्वयं पुलिस अधीक्षक पुनीत गेहलोद भी मौके पर पहुंचे व एफएसएल टीम भी पहुंच गई। पुलिस ने मौका पंचनामा बनाने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। उधर पुलिस द्वारा आसपास के लोगों से पूछताछ की गई तो महिला की शिनाख्त संजय पाटीदार की महिला मित्र प्रतिभा के रूप में हुई।

### 5 साल से थे लिवइन में, हत्यारा गिरफ्तार







CMYK

# यूपी वक्फ बोर्ड बना भू माफिया बोर्ड : योगी



नई दिल्ली, जनवरी : उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश वर्क बोर्ड ढंग से कम करने का आरोप लगाते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश वक्फ बोर्ड भू माफियों का बोर्ड बन गया है जो मनमाने ढंग से कम कर रहा है। किसी भी भूमि को जो चाहे वर्क बोर्ड की भूमि बोल देता है। इस तरह की दुष्प्रवृत्ति पर रोक लगनी ही चाहिए और हम रोक लगाएंगे। सीएम योगी ने कहा कि हमने कुछ संशोधन यहां पर किए हैं कि कोई भी जमीन जिस पर वक्फ ने कब्जा किया है या दावा किया है, 1363 फसली की उसके पूरे रिकॉर्ड को चेक किया जाए। कहीं भी वक्फ शब्द आता है तो पहले उसे देखो की जमीन किसके नाम पर थी औजग अगला फिर उसको हम वापस दिलाने का काम करेंगे। सीएम ने कहा कि कहीं भी, किसी भी ऐसी जमीन पर जो सार्वजनिक उपयोग में होगी। हिंदू आस्था जुड़े पवित्र स्थलों की जमीन होगी या सरकार की होगी, यहां पर इस प्रकार के किसी भी भूमाफिया बोर्ड को कब्जा नहीं करने देंगे। योगी आदित्य नाथ ने संभल में हो रही खुदाई को लेकर कहा कि संभल की जामा मस्जिद को लेकर कहा कि कुछ लोगों ने संभल जिले से अधिक की जमीन को वक्फ बोर्ड की जमीन बताई है जबकि संभल में इतनी जमीन ही नहीं है। हमारे पुराणों में पांच हजार वर्ष पहले से ही उल्लेख है कि संभल में हरि विष्णु का दसवां अवतार कलकी के रूप में होगा। संभल में आज जो भी देखने को मिल रहा है, वह सभी सनातन धर्म से जुड़ा हुआ है। उस समय जब इस्लाम था ही नहीं तो जामा मस्जिद का उल्लेख कैसे होगा।

## लोहड़ी उत्सव में पहुंचे कांग्रेस प्रत्याशी सतीश लूथरा

नई दिल्ली, जनवरी : पीरागढ़ी कैंप, पश्चिम विहार वेस्ट में आयोजित सामूहिक लोहड़ी महोत्सव में शकूरबस्ती विधानसभा से कांग्रेस प्रत्याशी श्री सतीश लूथरा जी ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। इस मौके पर श्री सतीश लूथरा ने स्थानीय जनता को संबोधित करते हुए लोहड़ी पर्व की शुभकामनाएं दीं और क्षेत्र की एकता व समृद्धि के लिए अपने विचार साझा किए। उन्होंने लोहड़ी के महत्व पर प्रकाश डालते हुए इसे सांस्कृतिक और सामाजिक जुड़ाव का प्रतीक बताया। इस आयोजन में 200 से अधिक लोगों ने भाग लिया और पारंपरिक गीत-संगीत व नृत्य के साथ लोहड़ी की उत्सव मनाया गया। लूथरा ने भी स्थानीय लोगों के साथ लोहड़ी की रस्मों में भाग लिया, और क्षेत्र के लोगों एक सुख दुःख में हमेसा साथ देने की अपनी प्रतिबद्दता भी दर्शाई। लूथरा ने इस अवसर पर जनता से संवाद कर उनके सुझाव सुने और क्षेत्र के विकास को लेकर अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। उन्होंने कहा, आप सभी का सहयोग ही मुझे आपके लिए बेहतर काम करने की प्रेरणा देता है। मुझे विश्वास है कि हम मिलकर शकूरबस्ती को एक आदर्श विधानसभा बनाएंगे। कार्यक्रम के अंत में सतीश लूथरा ने आयोजकों और स्थानीय जनता को इस भव्य आयोजन के लिए धन्यवाद दिया और क्षेत्र की समृद्धि व विकास के लिए अपने निरंतर प्रयासों का आश्वासन दिया।

## उत्तरपूर्व दिल्ली में एक व्यक्ति के गोली चला देने पर 15-वर्षीय एक किशोर हुआ घायल



**दिल्ली।** उत्तरपूर्व दिल्ली में एक व्यक्ति के कथित रूप से गोली चला देने पर 15-वर्षीय एक किशोर घायल हो गया। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। उसने बताया कि शनिवार को उसे वेलकम क्षेत्र के बी-ब्लॉक में गोलीबारी होने की सूचना मिली। अधिकारियों ने बताया कि जब पुलिस दल मौके पर पहुंचा तब उसे पता चला कि घायल किशोर को उसके पिता जग प्रवेश चंद्र अस्पताल ले जा चुके हैं। पुलिस के मुताबिक शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया है कि शुक्रवार रात साढ़े 11 बजे जब वह गली में खड़ा था तब आरोपी उसके पास आया और उसे गालियां देने लगा। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि जब शिकायतकर्ता ने आपत्ति की तब उसने उसके दाहिने टांग में गोली मार दी। अधिकारी के अनुसार गोली लगने से किशोर वहीं जमीन पर गिर पड़ा। पुलिस का कहना है कि इस घटना के संबंध में मामला दर्ज किया गया है तथा अपराधी की पहचान करने और उसे पकड़ने की कोशिश की जा रही है।

## स्वामी विवेकानन्द जयन्ती के उपलक्ष्य पर कुलपति प्रो वरखेडी ने कहा है सीएसयू के छात्र छात्राओं शास्त्र ज्ञान के संवाहक बनें -प्रो भट्ट




**दिल्ली, प्रो अजय कुमार मिश्रा, संयोजक मीडिया प्रकोष्ठ , आईकेएस प्रकोष्ठ व पीआरओ, दिल्ली।** आज स्वामी विवेकानन्द जी की जयन्ती के अवसर पर तीन दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का उद्घाटन केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, दिल्ली के सारस्वत सभागार में संपन्न हुआ जिसमें प्रथम सत्र के सत्र अध्यक्ष तथा विशिष्ट अतिथि के रुप में क्रमशः प्रो रमाकान्त पाण्डेय, निदेशक सीएसयू ,भोपाल परिसर तथा प्रो पेन्ना मधुसूदन, निदेशक,संस्कृत अकादेमी, हैदराबाद उपस्थित रहे जिन्होंने इस सत्र में अजिह्म शास्त्र पद्धति विषय को लेकर उद्बोधन दिया। इस सत्र में डा यशवन्त त्रिवेदी, दिल्ली,डा राकेश दास, कोलकता, श्री जगन्नाथ झा, दिल्ली, डा वेदेश नागसम्मिगे, बंगलूरू, तथा सुधाकर मिश्रा, कोलकाता ने शास्त्र के विविध आयामों को लेकर अपना विचार रखते प्रो श्रीनिवास वरखेड़ी की पुस्तक शास्त्र पद्धति के महत्त्व पर प्रकाश डाला । प्रो पाण्डेय ने इस पुस्तक को एक बहुत ही महत्त्वपूर्ण प्रकरण ग्रन्थ के रुप में प्रतिष्ठापित करते हुए इसके वैशिष्ट्य पर व्याख्यान दिया । प्रो पेन्ना ने भी अपने उद्बोधन में कहा कि अभिव्यक्ति के लिए यह बहुत ही आवश्यक है कि भाषा और उसमें वक्ता की अनुभूति भी होनी चाहिए।

# दिल्ली चुनाव में कांग्रेस को हनुमान बेनीवाल ने दिया झटका!

### आप का किया समर्थन, कही ये बड़ी बात

**दिल्ली।** चुनाव में आम आदमी पार्टी को राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी का समर्थन मिला है। दिल्ली में आप सांसद संजय सिंह से आरएलपी के अध्यक्ष हनुमान बेनीवाल ने मुलाकात की है। आप सांसद संजय सिंह ने कहा कि जाट समुदाय को केंद्रीय ओबीसी सूची में शामिल करने को लेकर आप संयोजक अरविंद केजरीवाल द्वारा लिए गए फैसले पर हमारी आरएलपी (राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी) के अध्यक्ष हनुमान बेनीवाल से चर्चा हुई है। उन्होंने कहा है कि वह आगामी दिल्ली विधानसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी को समर्थन देंगे। हनुमान बेनीवाल ने कहा कि दिल्ली में हर कोई आप सरकार से खुश है लेकिन केंद्र सरकार ने आप के वरिष्ठ नेताओं को जेल में डाल दिया। बीजेपी और कांग्रेस पार्टी कभी नहीं चाहती कि क्षेत्रीय पार्टियां राजनीति में उभरें। उन्होंने कहा कि आरएलपी के कार्यकर्ता इसके लिए प्रचार करेंगे दिल्ली में आम आदमी पार्टी। आरएलपी ने आगामी दिल्ली विधानसभा चुनाव में आप को समर्थन देने का फैसला किया है। दिल्ली में विधानसभा चुनाव से पहले आम आदमी पार्टी (आप) के संयोजक और पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने बृहस्पतिवार को भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार पर राजधानी के जाट समुदाय को आरक्षण देने के वादे से मुकरने का आरोप लगाया। केजरीवाल ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पत्र लिखकर दिल्ली के जाट समुदाय को केंद्र सरकार की अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) सूची में शामिल करने की मांग की है। उन्होंने केंद्र पर पिछले एक दशक से समुदाय को गुमराह करने और वादों को पूरा करने में विफल रहने का भी आरोप लगाया।

## ढाबा मालिक के साथ युवक ने की मारपीट, घायल

यमुनानगर, जनवरी : यमुनानगर के खजूरी रोड पर ढाबा मालिक पर जानलेवा हमला कर एक युवक कैश बॉक्स से 5000 रुपए लेकर मौके से फरार हो गया। गंभीर हालत में ढाबा मालिक को इलाज अस्पताल में दाखिल कराया गया, जहां वह घटना की सूचना देने पर डॉयल 112 की टीम मौके पर पहुंची। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है। शुक्रवार को गगन ढाबे के मालिक के बेटे राजिंदर सिंह ने बताया कि खजूरी रोड स्थित उनके पिता सुबह ढाबा खोलने पहुंचे। इसी दौरान उनके ढाबे पर एक युवक आया और उनके पिता को चाय बनाने के लिए आर्डर दिया और ढाबे में बैठ गया। हरबंस सिंह जब चाय बनाने लगे तो इतने में युवक ने उनके कैश बॉक्स में हाथ डाला और वहां रखे 5000 रुपए भी चोरी कर ले गया। युवक को रोकने पर दोनों में हाथापाई हुई जिसके चलते युवक ने ईंट उठाकर हरबंस सिंह के सिर पर वार कर दिया। युवक के हमले में शोकेस के शीशे भी टूट गए और उनके सिर पर गहरा चोटें आई। गंभीर हालत में तुरंत उन्हें निजी अस्पताल में लाया गया और डॉयल 112 पर पुलिस को इसकी सूचना भी दे दी गई। जहां से इनको यमुनानगर के नागरिक अस्पताल में रेफर कर दिया गया। फिलहाल हरबंस सिंह की हालत गंभीर है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। वही थाना सदर यमुनानगर प्रभारी का कहना है कि अभी परिजनों के ब्यान दर्ज कर रहे है।

# नई दिल्ली में मुख्यमंत्री की केंद्रीय मंत्रियों से मुलाकात।

### राज्य में विकास और जन कल्याणकारी परियोजना पर हुई विस्तृत चर्चा।





**नई दिल्ली 11 जनवरी 2024।** मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा ने शनिवार को नई दिल्ली में केंद्रीय मंत्रियों से मुलाकात कर राजस्थान में विकास और जनकल्याणकारी परियोजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर विस्तार से चर्चा की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने केंद्रीय रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह से भेंट की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने केंद्रीय रक्षा मंत्री को राजस्थान सरकार द्वारा किए जा रहे विकास कार्यों, जन कल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन एवं भावी परियोजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की तथा उनका ओजस्वी मार्गदर्शन प्राप्त किया।

**केंद्रीय मंत्री श्री खट्टर से मुलाकात**

मुख्यमंत्री ने केंद्रीय ऊर्जा, आवास एवं शहरी कार्य मंत्री श्री मनोहर लाल खट्टर से भी शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर राजस्थान में विकास कार्यों, ऊर्जा क्षेत्र में नवीन संभावनाओं, आवासीय परियोजनाओं एवं शहरी विकास से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा हुई।

**मुख्यमंत्री की केंद्रीय वित्त मंत्री से मुलाकात**

मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा ने शनिवार को नई दिल्ली में केंद्रीय वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण से शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने केंद्रीय मंत्री से राजस्थान में विकास परियोजनाओं, राज्य के सम्बन्ध में वित्तीय सुधारों एवं केंद्रीय योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर सार्थक चर्चा की।

## जादूगर सम्राट शंकर ने दिल्ली में बिखेरा जादू का जलवा, साहित्य कला परिषद से मिला सम्मान



आर्य समाज ऑडिटोरियम में अपने जादू का प्रदर्शन करते जादूगर सम्राट शंकर। (जगजीत सिंह)

नई दिल्ली, जनवरी : विश्व प्रसिद्ध जादूगर सम्राट शंकर ने ग्रेटर कैलाश-1 स्थित आर्य समाज ऑडिटोरियम में अपने जादू का प्रदर्शन करते हुए हजारों लोगों को रोमांचित कर दिया। साहित्य कला परिषद, दिल्ली सरकार द्वारा हाल ही में आयोजित समारोह में जादूगर सम्राट शंकर को सम्मानित किया गया। करीब 20 बरस पहले दिल्ली में लगातार 100 शो करने का रिकॉर्ड बना चुके जादूगर सम्राट शंकर एक बार फिर देश की राजधानी को अपने जादू से सम्मोहित कर लिया। हालांकि दिल्ली इन दिनों गंभीर प्रदूषण की गिरफ्त में है, लोग घरों से निकलने से बच रहे हैं। साथ ही शादियों के मौसम के कारण भी लोग निजी कार्यक्रमों में व्यस्त हैं। लेकिन इस सबके बावजूद सम्राट शंकर के मैजिक शो के प्रति दर्शकों की दीवानगी देखते ही बनती थी।

पिछले 50 वर्षों में करीब 30 हजार शो कर चुके सम्राट शंकर के बारे में एक खास बात यह की उन्होंने 20 हजार से अधिक चैरिटी शो किये हैं। बदलते दौर में परंपरागत जादुई कला को जीवित रखने का श्रेय भी जाता है। दर्शकों की दिलचस्पी और बदलते समय की मांग के अनुसार वे अपने करतबों में बदलाव भी करते रहते हैं। अपनी इसी जादुई कला की बदौलत सम्राट शंकर पिछले कई बरसों से भारत के नंबर वन जादूगर बने हुए हैं। एक जादूगर के रूप में देश-विदेश में उनको जो ख्याति मिली है, वैसी किसी और भारतीय जादूगर को नहीं मिली। विश्व के जाने माने जादूगर फ्रांस हरारे भी सम्राट शंकर के जादू की प्रशंसा कर चुके हैं।

# कांग्रेस की 25 लाख रुपए की स्वास्थ्य बीमा जीवन रक्षा योजना दिल्ली की 100 फीसदी आबादी को कवर करेगी : नरेन्द्र यादव

नई दिल्ली, जनवरी : दिल्ली सरकार के पूर्व स्वास्थ्य मंत्री डॉ. नरेंद्र नाथ ने कहा कि दिल्ली कांग्रेस की 25 लाख रुपये स्वास्थ्य बीमा की जीवन रक्षा योजना सत्ता में आने के बाद स्वास्थ्य का अधिकार के तहत दिल्ली के 100 प्रतिशत निवासियों को मुफ्त इलाज की सुविधा देगी, जो अरविन्द केजरीवाल के खोखले वादों की तरह नहीं होगी।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस दिल्ली की सत्ता में आते ही अपनी गारंटियों को जनता के लिए लागू करेगी, जबकि 11 वर्षों के राज में केजरीवाल ने जनता से किए 70 वादों में से एक भी पूरा नहीं किया। उन्होंने कहा कि केजरीवाल के तथाकथित मोहल्ला क्लिनिक दवाओं, डॉक्टरों, कर्मचारियों और उपकरणों के बिना चल रहे है वहीं सरकारी अस्पतालों तक में डाक्टर, नर्स, पैरामेडिकल स्टाफ और दवाई सहित ऑप्रेशन थियेटर और टैस्ट की सुविधाओं का अभाव है। उन्होंने कहा कि केजरीवाल को स्वास्थ्य मॉडल पूरी तरह से ध्वस्त हो गया है। संवाददाता सम्मेलन में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के नैशनल कोआर्डिनेट अभय दुबे और मीडिया समन्वयक रश्मी सिंह मिगलानी, असमा तसलीम, डा. अरुण अग्रवाल और ज्योति कुमार सिंह उपस्थित थे।

प्रदेश कार्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए डॉ. नरेंद्र नाथ ने कहा कि कांग्रेस सरकार ने 48,000 अस्पताल बिस्तर उपलब्ध कराए थे, 16 मेडिकल कॉलेज, सात बड़े सुपर स्पेशिलिटी अस्पताल स्थापित किए थे और शहर में 95 प्रमुख अस्पताल थे, लेकिन केजरीवाल सरकार ने शीला दीक्षित सरकार द्वारा निर्मित स्वास्थ्य क्षेत्र को पूरी तरह बर्बाद कर दिया और कोविड-19 महामारी के दौरान लोगों को आईसीयू मैडीकल ऑक्सीजन, बेड, दवा, एम्बुलैंस के वैंटिलेटर की कमी से जूझना पड़ा।

## टैंकर बाइक की टक्कर में 2 की मौत

हांसी, जनवरी : नेशनल हाईवे पर गांव गढ़ी के बस स्टैंड के पास एक दूध के टैंकर ने बाइक सवार दो लोगों को टक्कर मार दी। जिसके चलते दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। शवों को हांसी के नागरिक अस्पताल में लाया गया है। अस्पताल में मौजूद डायल 112 पुलिस टीम ने बताया कि उनको सूचना मिली कि गढ़ी गांव में नेशनल हाईवे पर मु य बस स्टैंड पर एक हादसा हो गया है। डायल 112 मौके पर पहुंची। वहां पर लोगों ने बताया कि एक दूध टैंकर चालक बाइक सवार दो लोगों को कुचल कर फरार हो गया।

## दिल्ली भाजपा पूर्वांचल मोर्चा ने केजरीवाल द्वारा बोले अपशब्द के खिलाफ केजरीवाल आवास के बाहर किया जोरदार विरोध प्रदर्शन

नई दिल्ली, जनवरी : दिल्ली भाजपा पूर्वांचल मोर्चा ने 5 फिरोजशाह रोड के बाहर अरविंद केजरीवाल द्वारा पूर्वांचलवासियों को फर्जी वोटर्स बताने के खिलाफ जोरदार विरोध प्रदर्शन किया और मांग की कि अरविंद केजरीवाल पूर्वांचल समाज को जो शब्द बोले हैं उसे वापस लेते हुए सभी से माफी मांगे। एनडीएमसी सदस्य दिनेश प्रताप सिंह एवं पूर्वांचल मोर्चा अध्यक्ष संतोष ओझा के नेतृत्व में हुए विरोध प्रदर्शन में लक्ष्मीनगर से भाजपा विधायक अभय वर्मा, मीडिया प्रमुख प्रवीण शंकर कपूर, भाजपा नेता सुमित भसीन, पूर्वांचल मोर्चा सह प्रभारी कौशल मिश्रा विपिन बिहारी सिंह और हजारों पूर्वांचलवासी शामिल हुए। प्रदर्शनकारियों ने 5 फीरोजशाह रोड स्थिति अरविंद केजरीवाल के आवास की ओर बढ़ते हुए पुलिस द्वारा लगाए गए बैरिकेड्स को पार करने की कोशिश की जिसके बाद पुलिस ने उनके ऊपर वाटर कैनन चलाकर रोका और प्रदर्शनकारियों को डिटेन कर मंदिर मार्ग थाना ले जाया गया। सांसद मनोज तिवारी प्रदर्शनकारियों से मिलने गए और वहां कुछ देर बाद पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को हिदायत देकर छोड़ दिया गया। मंदिर मार्ग थाने के बाहर पत्रकारों से बातचीत करते हुए मनोज तिवारी ने कहा कि दिल्ली में अरविंद केजरीवाल सिर्फ. पूर्वांचलवासियों को ही नहीं बल्कि दिल्ली में रहने वाले ऑटोवाले झुग्गीसवाले और वे सभी कारीगर जो दिल्ली में रोजगार के लिए रहते है उन सब को गाली देने काकाम किया है। उन्होंने दिल्ली की जानता इस बार मानसिक संतुलन खो चुके अरविंद केजरीवाल को माफ नहीं करने वाली है और पूर्वांचलवासियों ने एक जुट होकर भाजपा की सरकार लाने वाली है।

## लीक हुई सीएजी रिपोर्ट को लेकर आप पर हमलावर हुई बीजेपी-कांग्रेस, बताया लूट का मॉडल

**दिल्ली।** नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (सीएजी) की रिपोर्ट मीडिया में लीक होने के बाद शनिवार को भाजपा और कांग्रेस ने आम आदमी पार्टी (आप) पर अपने हमले तेज कर दिए, जिसमें दिल्ली में अब समाप्त हो चुकी उत्पाद शुल्क नीति में खामियों को उजागर किया गया है। भाजपा ने आप पर अपने कुकर्मों को छिपाने के लिए विधानसभा में रिपोर्ट पेश नहीं करने का आरोप लगाया है, अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व वाली पार्टी ने आरोप लगाया कि निष्कर्ष भगवा पार्टी के कार्यालय में किए गए थे। एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए, भाजपा नेता अनुराग ठाकुर ने कहा कि सीएजी रिपोर्ट में नीति के बारे में 10 प्रमुख निष्कर्षों को सूचीबद्ध किया गया था, जिसे ईडी और सीबीआई की जांच के बीच आप सरकार ने रद्द कर दिया था। उन्होंने जोर देकर कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, जिन्हें मामले में गिरफ्तार किया गया था और वह जमानत पर हैं। उनको रिपोर्ट में उठाए गए सवालों का जवाब देना होगा।इस मुद्दे पर कांग्रेस नेता संदीप दीक्षित ने कहा, 'हम तो पहले से कह रहे हैं कि यह घोटालेबाज सरकार है। पहले केजरीवाल कांग्रेस पर इल्जाम लगाते थे, अब खुद फंस रहे है. केजरीवाल को खुद ही जेल चले जाना चाहिए। गौरतलब है कि सीएजी की एक रिपोर्ट में दिल्ली सरकार की शराब नीति के कार्यान्वयन में कथित अनियमितताओं के कारण सरकारी खजाने को 2,026 करोड़ रुपये के राजस्व नुकसान का पता चला है। लीक हुई कैग रिपोर्ट के हवाले से एक निजी मीडिया समूह ने दावा किया है कि इसमें लाइसेंस जारी करने में महत्वपूर्ण खामियों, नीतिगत विचलन और उल्लंघनों पर प्रकाश डालती है। इसमें यह भी उल्लेख किया गया है कि नीति अपने इच्छित लक्ष्यों को प्राप्त करने में विफल रही और आप नेताओं को कथित तौर पर रिश्वत से लाभ हुआ। रिपोर्ट में यह भी उल्लेख किया गया है कि विशेषज्ञ पैनल की सिफारिशों को तत्कालीन उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया के नेतृत्व वाले मंत्रियों के समूह (जीओएम) द्वारा नजरअंदाज कर दिया गया।

# अश्विनी वैष्णव ने चेन्नई स्थित इंटीग्रल कोच फैक्टरी का किया दौरा

- अश्विनी वैष्णव ने दी रेल यात्रियों के लिए खुशखबरी



एसजीएस लैपटॉप असेंबली प्लांट का दौरा करते केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव

चेन्नई, जनवरी : केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने चेन्नई स्थित इंटीग्रल कोच फैक्टरी (आईसीएफ) का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने वंदे भारत ट्रेन रेक, अमृत भारत ट्रेन के डिब्बों और विस्टाडोम डाइनिंग कार का निरीक्षण किया। इसके साथ ही उन्होंने सिरमा एसजीएस लैपटॉप असेंबली प्लांट का उद्घाटन किया। इस प्लांट में वंदे भारत ट्रेन के लिए जरूरी उपकरणों का निर्माण भी होता है। मीडिया से बातचीत करते हुए मंत्री ने बताया कि अमृत भारत ट्रेन को आम नागरिकों के लिए विशेष रूप से डिजाइन किया गया है। इसके जनरल कोच में प्रीमियम ट्रेन जैसी सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं। इसे सबका साथ, सबका विकास और अन्त्योदय की भावना को ध्यान में रखते हुए तैयार किया गया है। उन्होंने बताया कि इन ट्रेनों में बेहतर गुणवत्ता वाली सीटें, उन्नत चार्जिंग पॉइंट, बेहतर पंखे और नए डिजाइन के शौचालय जैसी सुविधाएं उपलब्ध होंगी। इसके अलावा, वंदे भारत ट्रेनों में भी लगातार सुधार किए जा रहे हैं। रेल मंत्री ने आगे बताया कि रेलवे सुरक्षा को बढ़ाने के लिए 10,000 लोकोमोटिव्स में कवच तकनीक लगाई जा रही है। साथ ही, 15,000 किलोमीटर ट्रैक पर ट्रैकसाइड फिटिंग का काम प्रगति पर है। सुरक्षा के मद्देनजर इंजनों के सामने कैमरे लगाए जा रहे हैं। साथ ही, कोच के बोल्ट अब इस तरह डिजाइन किए गए हैं कि उन्हें आसानी से निकाला न जा सके। अमृत भारत ट्रेनों के किराए को लेकर पूछे गए सवाल पर मंत्री ने कहा कि इसका निर्धारण रेलवे बोर्ड करेगा। लेकिन इन ट्रेनों का मकसद यह सुनिश्चित करना है कि हर यात्री को किफायती कीमत पर बेहतर यात्रा अनुभव मिल सके। इस दौरे के दौरान मंत्री ने भारत में रेलवे के तेजी से हो रहे आधुनिकीकरण पर जोर दिया। उन्होंने बताया कि भारतीय रेलवे लगातार तकनीकी और डिजाइन में सुधार कर रही है ताकि यात्रियों की यात्रा अधिक आरामदायक और सुरक्षित हो सके। वंदे भारत और अमृत भारत जैसी योजनाएं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सर्वसमावेशी विकास की सोच को प्रतिबिंबित करती हैं।

## दिल्ली 60 लाख रुपये की सुपारी चोरी के आरोप में पांच लोग गिरफ्तार



**दिल्ली।** पुलिस ने 60 लाख रुपये मूल्य की 430 बोरी सुपारी ले जा रहे एक ट्रक की चोरी में कथित रूप से शामिल पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि शिकायतकर्ता राहुल वर्मा ने नरेला थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई, जिसके बाद आरोपियों का पता लगाने के लिए पुलिस की एक टीम गठित की गई। अधिकारी के अनुसार, टीम ने दिल्ली के खेड़ी आसरा, झज्जर और ब्रह्मपुरी में छापेमारी की। उन्होंने बताया कि आठ जनवरी को हर्ष (24) और अंकित (24), दो संदिग्धों के पास से 7,630 किलोग्राम वजन की 109 बोरी सुपारी जब्त की गयी और आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया। अधिकारी ने बताया कि 10 जनवरी को की गई छापेमारी में अमित कुमार (44), सुनील कुमार (51) और मोहम्मद कल्लू कुरैशी (56), इन तीन लोगों के पास 4,800 किलोग्राम वजन की 38 बोरी सुपारी बरामद की और उन्हें गिरफ्तार किया गया।

# विधानपालिका और कार्यपालिका के कार्यो व निर्णयों को जनता के बीच ले जाने में मीडिया की अहम भूमिकाः कल्याण

## आधुनिक पत्रकारिता और चुनौतियां विषय पर संगोष्ठी



**करनाल बीटू संधू**

**करनाल।** विधानसभा अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण ने कहा कि लोकतान्त्रिक व्यवस्था में सभी का ध्येय राष्ट्रहित व लोकहित है। विधानपालिका, कार्यपालिका तथा न्यायपालिका इसी को ध्यान में रखते हुए कार्य करती है। लोकतान्त्रिक व्यवस्था के चौथे स्तम्भ कहे जाने वाले मीडिया का भी लोकहित में अहम योगदान रहता है। विधानपालिका और कार्यपालिका के कार्यो व निर्णयों को जनता के बीच ले जाने में मीडिया की बड़ी भूमिका है। श्री कल्याण आज स्थानीय कर्ण लेक पर मीडिया वेलबींग एसोसिएशन द्वारा आधुनिक पत्रकारिता और चुनौतियां विषय पर आयोजित संगोष्ठी व पत्रकारों को निःशुल्क टर्म इंश्योरेंस व दुर्घटना बीमा पॉलिसी वितरण कार्यक्रम अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। इस अवसर पर करनाल के विधायक जगमोहन आनंद, विधायक पवन खरखौदा, मुख्यमंत्री के राजनीतिक सचिव प्रवीण अत्रे, पूर्व कुलपति डॉ. चतर सिंह तथा गुरु रमणीक महाराज विशिष्ट अतिथि के तौर पर मौजूद रहे। कार्यक्रम में मीडिया वेलबींग एसोसिएशन के अध्यक्ष चंद्रशेखर धरणी सहित संगठन के अन्य सदस्यों ने आए हुए अतिथियों का पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया तथा स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। एसोसिएशन द्वारा मुख्य अतिथि को मांग पत्र भी सौंपा गया। कार्यक्रम में विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि वर्तमान समय में मीडिया की भूमिका अहम है। मीडिया सरकार और प्रशासन के कार्यों को जनता के बीच सूचना के तौर पर प्रस्तुत करता है। सीमित संसाधनों के बावजूद जनता की आवाज भी मीडिया उठाता है। दायरे मे रहकर महत्त्वपूर्ण कार्य करने की जिम्मेवारी मीडिया के कंधों पर रहती है। उन्होंने कहा कि मीडिया वेलबींग एसो?

# सीवरेज की सफाई और टूटे हुए ढक्कनों को लेकर विधायक ने दिए आदेश, जल्द से जल्द ठीक करे नगर निगम

## कैंप कार्यालय में विधायक जगमोहन आनंद ने सुनी समस्याएं

**››› सीवरेज सफाई की समस्या पर नगर निगम करनाल के अधिकारियों को दिए निर्देश**



**करनाल बीटू संधू**

**करनाल।** के विधायक जगमोहन आनंद ने शनिवार को नगर निगम के अधिकारियों को सीवरेज की सफाई और टूटे हुए सीवरेज के ढक्कनों को जल्द से जल्द बदलने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने अधिकारियों को कहा कि सीवरेज की सफाई नियमित रूप से होनी चाहिए ताकि गंदगी न फैले और सड़कों पर जलभराव की स्थिति न हो। उन्होंने कहा कि शहर में सीवर के जो भी ढक्कन टूटे हुए हैं, उन्हें भी तत्काल बदला जाए। विधायक जगमोहन आनंद शनिवार को कैंप कार्यालय में आमजन की समस्याओं को सुन रहे थे। इस दौरान कुछ लोगों ने शहर में सीवरेज की समस्या और सीवर के टूटे हुए ढ़क्कनों की समस्या को उनके समक्ष रखा। इसके उपरांत उन्होंने तत्काल अधिकारियों को निर्देश दिए। विधायक ने कहा कि शहर में साफ-सफाई सुनिश्चित करना नगर निगम, करनाल का प्राथमिक कार्य है। यह सही समय पर होना चाहिए। इसके साथ-साथ नगर निगम को समय-समय पर विशेष सफाई अभियान भी चलाने चाहिए। करनाल विधानसभा क्षेत्र का कोई भी व्यक्ति आ सकता है अपनी समस्या लेकर विधायक जगमोहन आनंद ने कहा कि करनाल विधानसभा क्षेत्र से जुड़ी समस्याओं को समयबद्ध तरीके से दूर करना, उनका दायित्व है। करनाल विधानसभा क्षेत्र का कोई भी व्यक्ति अपनी समस्या लेकर उनके कैंप कार्यालय में आ सकता है। समस्या लिखित हो और उस पर उक्त व्यक्ति का नाम, पता व मोबाइल नंबर अवश्य हो ताकि बाद में उनसे संपर्क किया जा सके। उन्होंने कहा कि हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी व केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में निरंतर विकास कार्य हो रहे हैं। करनाल शहर को करोड़ों रुपये की विकास प?

# लोहड़ी एवं मकर संक्रांति का पर्व बड़ी धूमधाम से मनाया गया



**करनाल सुखविंदर सोही**

**आज करनाल।** के स्थानीय होटल में ऐ आई वी एफ की तरफ से लोहड़ी एवं मकर संक्रांति का पर्व बड़ी धूमधाम से मनाया गया। आज के आयोजन में प्रोजेक्ट डायरेक्टर दीक्षा गर्ग , प्रेरणा अग्रवाल, दीक्षा सिंगला रही। सभी सदस्यो ने मिल कर गिद्दा टप्पे नाच गा कर अपनी खुशी का इजहार किया। लोहड़ी का पर्व हमारी भारतीय संस्कृती में बहुत ही महत्वपूर्ण है। ऐ आई वी एफ की प्रधान आशा गोयल ने आये हुए सभी सदस्यों का स्वागत किया और लोहड़ी पर्व की सभी महिलाओ को बधाई दी। सभी महिलाओ ने लोहरी जलाकर पूजा की एवं मूंगफली रेवड़ी बाँट कर सभी को इस पर्व की बधाई दी ।सभी महिलाओ ने पंजाबी पोशाक पहनकर सभी को अचंभित कर दिया ।पंजाबी भाव के अन्तर्गत हर प्रकार से साज सजावट की गयी थी। जिस देख कर एक दूसरे के चेहरे पर खुशी का सवय ही निखार झलकता था। मकर सक्रांति का अपना एक विशेष महत्व है और दान पुण्य भी करना चाहिए। इसके बाद सभी महिलाओ ने लोहड़ी जलाकर पूजा की एवं गिद्दा पाकर , मूंगफली रेवड़ी बाँट कर सभी को इस पर्व की बधाई दी। ढोल के थाप पर महिलाओ ने खुद ढोल बजा कर अपनी खुशी का इजहार किया। इस अवसर पर राखी गुप्ता , मोनिका गुप्ता,नीलम गोयल,नीरू गोयल, शिवानी बंसल, निशा गुप्ता,मीनू तायल, मधु गुप्ता ,सीमा गोयल, सुनीता गुप्ता, मंजू बंसल, पूजा अग्रवाल, गीत जिंदल,मिनाक्षी मोदी आदि सदस्य मौजूद रहे।

# विधायक रामकुमार कश्यप ने गांव खरक में 32 लाख रुपये की लागत से बनने वाली बीसी चौपाल का किया शिलान्यास

## इन्द्री के विकास में नहीं आने दी जाएगी कोई कमीः- विधायक रामकुमार कश्यप



**इंद्री/ करनाल बीटू संधू**

**करनाल।** विधायक एवं चीफ व्हिप हरियाणा सरकार रामकुमार कश्यप ने विधानसभा क्षेत्र इंद्री के गढ़ीबीरबल ग्राम पंचायत के गांव खरक में 32 लाख रुपए की लागत से बनने वाली बी सी चौपाल के निर्माण कार्य का नारियल तोड़कर शिलान्यास कर गांव वासियों को सौगात दी है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए कि वे समय समय पर इस बनने वाली कश्यप चौपाल का निरीक्षण करते रहें। विधायक एवं चीफ व्हिप रामकुमार कश्यप ने कहा कि इंद्री विधानसभा क्षेत्र में अनेकों विकास कार्य करवा चुके हैं व आगे भी विकास कार्य ऐसे ही जारी रहेंगे। विधायक एवं चीफ व्हिप रामकुमार कश्यप ने मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया और कहा कि प्रदेश में उनके नेतृत्व में चल रही सरकार हरियाणा को देश में अग्रणी राज्य बनाने के लिए दृढ़ संकल्प है। इसी संकल्प को पूरा करने के लिए बिना किसी भेदभाव के पूरे प्रदेश में समान रूप से विकास कार्य करवाएं जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार ने प्रत्येक वर्ग के हित में किसी न किसी रूप में विकास योजनाएं चलाई है, जिसका सीधा-सीधा लाभ जनता को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि हल्के में होने वाले विकास कार्यों में धनराशि की कमी नहीं आने दी जाएगी। विधायक रामकुमार कश्यप ने कहा कि प्रदेश सरकार ने हर क्षेत्र चाहे वह शिक्षा, कृषि को बढ़ावा देने, अनेकों विकासात्मक योजनाएं लागू कर उनका लाभ लोगों तक पहुंचाने का कार्य किया है। वे स्वयं भी जनता की सेवा एवं विकास कार्यों को बढावा देने में विश्वास रखते हैं। उन्होंने कहा कि विकास कार्य तय समय में हो व विकास कार्यों में अच्छी गुणवत्ता की।

# वरिष्ठ नेता गौरव बख्शी के पिता का निधन, रस्म पगड़ी 13 जनवरी को



**करनाल बीटू संधू**

**करनाल।** सामाजिक कार्यकर्त्ता ओर वरिष्ठ नेता गौरव बख्शी के पिता रिटायर्ड प्रोफैसर डा. जीवन चंद बख्शी का हृदय गति रूकने से अचानक निधन हो गया था। उनकी आत्मिक शांति के लिए रस्म पगड़ी सोमवार 13 जनवरी को जी.एस. रिसोर्ट नजदीक नई अनाज मंडी कुरूक्षेत्र में करीब 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक होगी। सामाजिक कार्यकर्त्ता स्वर्गीय रिटायर्ड प्रोफैसर डा. जीवन चंद बख्शी के निधन पर प्रदेश भर की सामाजिक, धार्मिक ओर राजनैतिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने शोक जाहिर किया है। बता दें कि रिटायर्ड प्रोफैसर स्वर्गीय डा. जीवन चंद बख्शी का समाजहित के कार्यों, सेवाभाव एवं जरूरतमंद लोगों की मदद करने में अहम योगदान रहा। उनके निधन के बाद समाज को भारी क्षति पहुंची। रोजाना काफी संख्या में गणमान्य लोग स्वर्गीय डा. जीवन चंद बख्शी के परिवार को ढांढस बंधाने के लिए पहुंच रहे हैं। उनकी आत्मिक शांति के लिए रस्म पगड़ी सोमवार 13 जनवरी को जी.एस. रिसोर्ट नजदीक नई अनाज मंडी कुरूक्षेत्र में करीब 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक होगी।

# डॉ. अंबेडकर मेधावी छात्रवृत्ति योजना के तहत आवेदन आमंत्रित, वंचित वर्गों के छात्रों को दी जा रही आर्थिक सहायता : उत्तम सिंह



**करनाल बीटू संधू**

**करनाल।** उपायुक्त उत्तम सिंह ने कहा कि वंचित वर्ग के मेधावी छात्रों के हितों में प्रदेश सरकार द्वारा डॉ. अम्बेडकर मेधावी छात्रवृत्ति योजना चलाई जा रही है। प्रदेश सरकार का उद्देश्य है कि किसी भी मेधावी छात्र की आर्थिक कारणों से पढ़ाई प्रभावित ना हो। उन्होंने बताया कि यह योजना सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग की तरफ से चलाई जा रही है। उपायुक्त ने छात्रवृति योजना की विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि वर्ष 2024-25 की अवधि के लिए डॉ. अम्बेडकर मेधावी छात्र संशोधित योजना के तहत सरल पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन शुरू हो चुके हैं। अनुसूचित वर्ग के जिन शहरी विद्यार्थियों के कक्षा दसवीं में 70, कक्षा बारहवीं में 75 व स्नातक कक्षाओं में 65 प्रतिशत अंक हैं, वे इस छात्रवृत्ति के लिए आवेदन कर सकते हैं। इसी प्रकार गांवों में अनुसूचित वर्ग के विद्यार्थी के कक्षा दसवीं में 60, बारहवीं में 70 व स्नातक कक्षा में 60 प्रतिशत अंक होने चाहिए। इसी प्रकार पिछड़ा वर्ग-ए के शहर में रहने वाले विद्यार्थी ने मैट्रिक में 70 प्रतिशत और ग्रामीण क्षेत्र में 60 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हों। पिछड़ा वर्ग-बी के शहरी छात्र या छात्रा के मैट्रिक में 80 एवं ग्रामीण विद्यार्थी के 75 प्रतिशत अंक होने चाहिए, तभी वह योजना का पात्र होगा। उन्होंने बताया कि इन विद्यार्थियों को 8 हजार रुपए दसवीं पास होने पर, एससी आवेदक को बारहवीं पास करने पर 8 से दस हजार रुपए तथा स्नातक पास होने के बाद 9 से 12 हजार रुपए आगे की पढ़ाई के लिए दिए जाएंगे।

**आवेदन के साथ लगाने होंगे ये दस्तावेज**

डॉ. अम्बेडकर मेधावी छात्र संशोधित योजना के लिए विद्यार्थी के परिवार की वार्षिक आय चार लाख रुपए से कम का प्रमाण-पत्र, रिहायशी प?

# राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा सप्ताह के अंतर्गत ट्रैफिक पुलिसकर्मियों को किया सम्मानित

## एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ इंडिया ने किया प्रोजेक्ट



**करनाल बीटू संधू**

**करनाल।** एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ इंडिया एवं ट्रैफिक रूल्स एंड रोड सेफ्टी फेडरेशन द्वारा राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा सप्ताह के अंतर्गत लोगों को सड़क सुरक्षा नियमों के बारे में जागरूक किया गया एवं सड़क सुरक्षा में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले ट्रैफिक पुलिस कर्मियों को तिरंगा वस्त्र पहनाकर एवं पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया गया। नैशनल सुप्रीमों नरेंद्र अरोड़ा की अध्यक्षता में सड़क सुरक्षा सप्ताह का आरंभ विशेष प्रोजेक्ट के साथ किया गया । इस अवसर पर इंटरनेशनल चेयरमैन पवन शर्मा, इंटरनेशनल चीफ डायरेक्टर अजीत राही व नैशनल डायरेक्टर महेश हसीजा उपस्थित रहे। इस अवसर पर विभिन्न चौराहों पर अपनी ड्यूटी कर रहे ट्रफिक पुलिसकर्मियों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर ट्रैफिक इंस्पेक्टर रोशन लाल, सब इंस्पेक्टर सुरिंदर सिंह, वेदपाल, धर्मपाल, बाबू राम, नरेश कुमार, सुनील कुमार, संजीव कुमार, कर्ण, कश्मीरी लाल, पंकज पाल, सनोज कुमार,वेदप्रकाश आदि ट्रैफिक पुलिसकर्मियों का तिरंगा वस्त्र पहनाकर एवं पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर नरेंद्र अरोड़ा ने कहा कि ट्रैफिक पुलिसकर्मी सड़क सुरक्षा एवं ट्रैफिक नियमों के पालन में मुख्य भूमिका निभाते हैं और राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा सप्ताह के विशेष अवसर पर ईमानदारी से अपनी ड्यूटी निभाने वालों का सम्मान करना कर्तव्य बनता है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा सप्ताह 11 जनवरी से 18 जनवरी तक मनाया जाएगा, एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ इंडिया एवं ट्रैफिक रूल्स एंड रोड सेफ्टी फेडरेशन द्वारा पूरा सप्ताह प्रोजेक्ट चलाकर लोगों को सड़क सुरक्षा को लेकर जागरूक किया जाएगा।

# समाज भलाई के हर कार्य को आगे बढ़ाया जाएगा- हरविंद



**करनाल सुखविंदर सोही**

**हरियाणा।** विधानसभा अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण ने कहा है कि घरौंडा हलके के लोगों के आशीर्वाद से शीर्ष नेतृत्व ने उन्हें स्पीकर के रूप में नई जिम्मेदारी सौंपी है, इसके बावजूद वे यहां के लोगों के लिए समय में कोई कटौती नहीं करेंगे। समाज भलाई के हर कार्य को आगे बढ़ाया जाएगा। उन्होंने घरौंडा हलका को हमेशा अपना परिवार माना है। श्री कल्याण आज घरौंडा में प्रजापति समाज और कश्यप समाज की ओर से आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। इस मौके पर उनका पगड़ी पहनकर, शाल ओढ़ा कर और स्मृति चिह्न देकर स्वागत किया गया। श्री कल्याण ने कहा कि वे पहले भी आपके साथ थे और आगे भी साथ रहेंगे। पिछले 10 सालों में हलके में अधिकाधिक विकास कार्य करने का प्रयास किया गया। इस अवधि में देश व प्रदेश में अनेक व्यवस्था परिवर्तन किए गए। इस सरकार ने धींगा मस्ती को खत्म किया है ।आज हरियाणा में योग्य युवाओं को मेरिट के आधार पर नौकरी मिल रही है। ऑनलाइन सेवाओं के कारण पेंशन भी सीधे बुजुर्गों के खाते में पहुंच रही है। हलके में 10 सालों में नए अस्पताल, कॉलेज, बस अड्डा, आईटीआई , मेडिकल यूनिवर्सिटी बनवाई गई। सड़कों को चौड़ा कराया गया। करीब 50 कालोनियों को अप्रूव्ड कराया गया। इतना ही नहीं सरकार ने राशन प्रणाली को भी सुव्यवस्थित किया है। प्रदेश सरकार समाज के हर वर्ग के कल्याण के लिए योजनाएं बना रही है। उन्होंने कहा कि सेवा करने के लिए बड़ी बातें करने की जरूरत नहीं होती, भावना सही होनी चाहिए। चुनाव में सरकार के कार्यों पर लोगों ने मुहर लगाई है। यह सरकार सबका ध्यान रखने वाली है ।उन्होंने अभिभावकों से बच्चों की पढ़ाई पर ध्यान देने की अपील भी की। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष हैप्पी लक गुप्ता ने कहा कि श्री कल्याण बिना किसी भेदभाव के है।

# गुरु नानक खालसा कॉलेज करनाल



**करनाल बीटू संधू**

**करनाल।** गुरु नानक खालसा कॉलेज करनाल में राष्ट्रीय मतदाता दिवस के बारे में जागरूक करने हेतु जिला स्तरीय संभाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें जिलाभर से विभिन्न कॉलेजों से आए छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। समावेशी सुगम एवं सहभागी निर्वाचन की ओर अग्रसर विषय पर आयोजित इस प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने स्वच्छ निष्पक्ष निर्वाचन के बारे में जागरूक किया और यह संदेश दिया कि हर व्यक्ति को मतदान अवश्य करना चाहिए। इस प्रतियोगिता में गुरु नानक खालसा कॉलेज की प्रिया मलिक ने पहला, जीवन चानन महिला महाविद्यालय असंध की छात्रा शिवानी शर्मा ने दूसरा तथा केवीए डीएवी महिला कॉलेज की ऋषिता ने तीसरा पुरस्कार जीता। विजेता छात्र-छात्राओं को 25 जनवरी को राष्ट्रीय मतदाता दिवस के उपलक्ष में जिला प्रशासन द्वारा सम्मानित किया जाएगा और प्रिया मलिक राज्य स्तरीय संभाषण प्रतियोगिता में भाग लेगी। मंच का संचालन डॉक्टर दीपक ने किया जबकि डॉ अजय तथा प्रो प्रदीप ने उनका सहयोग किया। प्रो राबिया वर्क, प्रो विनीता जागलान तथा डॉ अमरजीत कौर ने निर्णायक की भूमिका निभाई। कॉलेज प्रबंधन समिति के प्रधान सरदार कंवरजीत सिंह प्रिंस तथा प्राचार्य प्रो शशि मदान ने स्टाफ और विद्यार्थियों को बधाई दी। इस अवसर पर डॉक्टर जतिंद्रपाल सिंह, प्रो अंजू चौधरी, प्रो मनीष, प्रो नीतीश, डा. बलजीत कौर तथा भारी संख्या में छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

# बीपीएससी परीक्षा में हुई अनियमितताओं के मुद्दे पर जन सुराज के नेताओं ने किया प्रदर्शन, पुनर्परीक्षा और उच्च स्तरीय जांच की मांग की

**(वर्ल्ड न्यूज फीचर नेटवर्क)**

**सीतामढ़ी।** जन सुराज के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने शनिवार को बीपीएससी परीक्षा में की गई अनियमितताओं को लेकर डूमरा के अंबेडकर स्मारक स्थल पर एक दिन का उपवास अनशन और धरना प्रदर्शन किया। इस दौरान पार्टी के नेताओं ने बिहार सरकार की नीतियों के खिलाफ जमकर नारेबाजी की, और परीक्षा में हुई अनियमिनता और भ्रष्टाचार की उच्चस्तरीय जाँच के साथ-साथ पुनर्परीक्षा कराए जाने की मांग की। इस प्रदर्शन में बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता और नेता शामिल हुए। सभी ने एकजुट होकर सरकार के विरोध में अपनी आवाज बुलंद की। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सत्ता का दुरुपयोग करते हुए जन सुराज के सूत्रधार प्रशांत किशोर को गिरफ्तार किया और छात्रों पर बर्बरतापूर्ण लाठीचार्ज करवाया। उन्होंने इसे लोकतंत्र का हनन बताया और कहा कि सरकार जनता और छात्रों की आवाज को दबाने का प्रयास कर रही है। जिला अध्यक्ष नवल किशोर राऊत ने कहा कि प्रदेश कि नीतीश सरकार लोकतंत्र को खत्म करने की साजिश रच रही है। छात्रों पर लाठीचार्ज और प्रशांत किशोर की गिरफ्तारी इस बात




का प्रमाण है। उन्होंने बिहार के युवाओं के लिए नीतीश सरकार से पांच मांगों का जिक्र करते हुए कहा कि आमरण अनशन पर बैठे जनसुराज के सुत्रधार प्रशांत किशोर जी के साथ सरकार सम्मान जनक समझौता कर प्रशांत किशोर जी के स्वास्थ को ध्यान में रखते हुये अनशन समाप्त कराया जाए। 70वीं इढरउ परीक्षा में हुई अनियमिनता और भ्रष्टाचार की उच्चस्तरीय जाँच और पुनर्परीक्षा कराई जाए,2015 में सात निश्चय के तहत किए वादे के अनुसार 18 से 35 साल के हर बेरोजगार युवा को बेरोजगारी भत्ता दिया जाए, पिछले 10 वर्षों से प्रतियोगी परीक्षाओं में हुई अनियमितताओं और पेपर लीक की जाँच एवं दोषियों पर की गई कार्रवाई पर श्वेत पत्र जारी किया जाए, लोकतंत्र की जननी बिहार को लाठीतंत्र बनाने वाले दोषी अधिकारियों पर कार्रवाई की जाए,बिहार की सरकारी नौकरियों में बिहार के युवाओं की कम से कम दो तिहाई हिस्सेदारी सुनिश्चित करने के लिए डोमिसाइल नीति लागू की जाए। वहीं, अन्य नेताओं ने कहा कि यह आंदोलन बिहार के छात्रों और उनके भविष्य की रक्षा के लिए है। उन्होंने जनता से अपील की कि वे इस संघर्ष में साथ आएं और सरकार की दमनकारी नीतियों का पुरजोर विरोध करें। जन सुराज के इस आंदोलन में सीतामढ़ी के जिला अध्यक्ष नवल किशोर राऊत, राज्य कार्यवाहक अभियान समिति के सदस्य शंकर आत्रे, राज्य कार्यवाहक समिति सदस्य राम कृपाल शर्मा, मायाशंकर शरण, बिजेंद्र यादव, नरेंद्र झा, जिला मुख्य प्रवक्ता विरेन्द्र कुमार यादव, जिला अभियान समिति संयोजक तनवीर अली उर्फ पपलु खान, जिला कार्यालय प्रभारी सरफराज अंजुम, युवा जिला अध्यक्ष रिजाउल्ला उर्फ लड्डन, सीतामढ़ी सदर एवं बेलसंड अनुमंडल अध्यक्ष महान सिंह कुशवाहा, नगर निगम महिला अध्यक्ष सावित्री प्रसाद, नगर निगम प्रवक्ता ममता कुमारी, नानपुर प्रखंड अध्यक्ष अमित कुमार, बाजपट्टी प्रखंड अध्यक्ष ज्ञानेंद्र सिंह, सुरसंड प्रखंड अध्यक्ष मनोज मिश्रा, रून्नीसैदपुर प्रखंड अध्यक्ष अशोक सिंह, परिहार प्रखंड अध्यक्ष अमानुल्लाह उर्फ निराले, बेलसंड प्रखंड अध्यक्ष राजन मिश्रा, युथ क्लब संयोजक रिगा प्रखंड जीवछ यादव, रमेश चौधरी समेत कई नेता व कार्यकर्ता शामिल हुए।

# हार-जीत की बाजी लगा रहे 13 लोगों को पकड़ा

## एक लाख 47 हजार 700 रुपये नकद, सात बाइक व दो स्कूटी बरामद

**जालौन-उरई**

कोतवाली पुलिस ने ग्राम व्यासपुर में नाला के पास चल रहे जुआ के फड़ पर छापामारी कर हार-जीत की बाजी लगा रहे 13 लोगों को पकड़ा है। आरोपियों के पास से पुलिस ने एक लाखा 47 हजार 700 रुपये नकद, सात बाइक व दो स्कूटी बरामद समेत मोंबाइल बरामद किए। पकड़े गए सभी आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

कोतवाली प्रभारी वीरेंद्र पटेल को सूचना मिली कि ग्राम व्यासपुर में नाला के पास कई लोग हार-जीत की बाजी लगा रहे हैं। जिसमें गांव के ही नहीं बल्कि अन्य गांवों के लोग भी मौजूद हैं। सूचना मिलते ही उन्होंने एसएसआई गौरव मिश्रा, एसआई शैलेंद्र सिंह, राजेश कुमार को पुलिस टीम के साथ मौके पर भेजा। जब पुलिस व्यासपुर नाला के पास सार्वजनिक स्थान पर चल रहे जुआ के फड़ पर पहुंची तो पुलिस को देखते ही जुआ खेल रहे लोगों में भगदड़ मच गई। पुलिस ने मौके से इंद्रजीत निवासी वरसेसी कोंच, सौरभ, चंद्रभूषण, अजय कुमार निवासीगण खरूसा एट, राघवेंद्र लहरियापुरा उरई, नीरज कुईया उरई, मंगल सिंह धंतौली जालौन, आकाश नया पटेल नगर उरई, राजेश धमनी उरई, सचिन गांधीनगर कोंच, विजय कुमार सुशील नगर उरई, दिव्यांशु नया रामनगर उरई, रामकुमार पाल टिमरौ डकोर को पकड़ लिया। जबकि मौका पाकर कुछ लोग भाग निकले। पुलिस ने जुए के फड़ से एक लाख 47 हजार 700 रुपये नकद, सात बाइक व दो स्कूटी, मोबाइल फोन समेत ताश की गड्डी बरामद की हैं। पुलिस ने पकड़े गए सभी आरोपियों के खिलाफ सार्वजनिक जुआ अधिनियम के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

## प्राचीन छोटी माता मंदिर के महंत के निधन पर शोक जताया

**जालौन-उरई ।** मां नवदुर्गा सेवा समिति के संस्थापक व नगर के प्राचीन छोटी माता मंदिर के महंत कल्लू महंत के निधन पर समिति के द्वारा शोक सभा का आयोजन एक गेस्ट में किया गया। शोकसभा के दौरान समिति के अध्यक्ष पुष्पेंद्र सिंह यादव ने कहा कि महंत जी ने नगर में धार्मिक आयोजनों की देखरेख के लिए मां नवदुर्गा सेवा समिति की स्थापना कराई थी। जिसके तत्वावधान में कई सफल धार्मिक आयोजन संपन्न हो चुके हैं। नगर में चुनरी यात्रा की शुरूआत भीअ कल्लू महंत द्वारा शुरू कराई गई। जिसमें प्रतिवर्ष सैंकड़ों की संख्या में श्रृद्धालु शामिल होते हैं। शोकसभा में उपस्थितजनों ने दो मिनट का मौन धारण कर दुखी परिवार को धैर्य प्रदान करने एवं दिवंगत की आत्म शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। इस मौके पर अध्यक्ष पुष्पेंद्र सिंह यादव एडवोकेट, चौकी मंदिर के पुजारी काजू महाराज, गल्ला मंडी पुजारी प्रदीप महाराज, द्वारकाधीश मंदिर पुजारी श्याम महाराज, छोटी माता मंदिर पुजारी दीपक महंत, लोकेश महंत, शंकर महंत, बंबई वाले राधाकृष्ण मंदिर पुजारी विनोद महाराज, काली माता मंदिर पुजारी पवन महाराज, कोतवाली मंदिर पुजारी गौरव महाराज, कपिल सोनी पत्रकार, समेत समिति के श्यामजी गुप्ता, आशीष श्रीवास्तव,, अनिकेत राठौर, नीरज राठौर आदि मौजूद रहे।

# जब अत्याचारी कंस के पापों से धरती डोलने लगी, तो भगवान को अवतरित होना पड़ा- कथा व्यास

## चौथे दिन की कथा में श्रीकृष्ण जन्म की कथा का वर्णन किया

**जालौन-उरई**

जब अत्याचारी कंस के पापों से धरती डोलने लगी, तो भगवान कृष्ण को अवतरित होना पड़ा। यह बात ग्राम पहाड़पुरा में स्थित संतोषी माता मंदिर पर आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के आयोजन में कथा व्यास पंडित महंत बिहारीदास ने कही।

ग्राम पहाड़पुरा में संतोषी माता मंदिर परिसर में श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें कथा व्यास पंडित महंत बिहारीदास ने चौथे दिन की कथा में श्रीकृष्ण जन्म की कथा का वर्णन करते हुए बताया कि जब अत्याचारी कंस के पापों से धरती डोलने लगी, तो भगवान कृष्ण को अवतरित होना पड़ा। सात संतानों के बाद जब देवकी गर्भवती हुई, तो उसे अपनी इस संतान की मृत्यु का भय सता रहा था। भगवान की लीला वे स्वयं ही समझ सकते हैं। भगवान कृष्ण के जन्म लेते ही जेल के सभी बंधन टूट गए और भगवान श्रीकृष्ण गोकुल पहुंच गए। उनका लालन-पालन नंदबाबा के घर में हुआ था। श्रीकृष्ण ने अत्याचारी कंस का वध करके पृथ्वी को अत्याचार से मुक्त किया और अपने माता-पिता को कारागार से छुड़वाया। कहा कि जब-जब धरती पर धर्म की हानि होती है, तब-तब भगवान धरती पर अवतरित होते हैं। जैसे ही कथा के दौरान भगवान श्रीकृष्ण का जन्म हुआ पूरा पंडाल जयकारों से गूंजने लगा। इस दौरान नंद के घर आनंद भयो, जय कन्हैयालाल की भजन प्रस्तुत किया गया तो श्रद्धालु भक्ति में लीन होकर जमकर झूमे। उन्होंने एक-दूसरे को श्रीकृष्ण जन्म की बधाईयां दी और पुष्प वर्षा की।

# डीएम व एसपी ने पूर्व नौ सैनिक परिवारों के समागम का किया उदघाटन

**कालपी-उरई**

बार्डर में रहकर देश की रक्षा करने वाले पूर्व सैनिकों के परिवारों का तीन द्विवसीय समागम का का जिलाधिकारी राजेश कुमार पांडेय ने पुलिस अधीक्षक डॉ. दुर्गेश कुमार के साथ दीप प्रज्वलित करके उद्घाटन किया। इस दौरान देश की रक्षा में योगदान देने पर जमकर उनकी सराहना की गई।

बीती रात को जोल्हूपुर मोड़ स्थित श्रीजा गेस्ट हाउस में आयोजित आल इंडिया नेवल बेटरेशन समारोह को सम्बोधित करते हुए जिलाधिकारी राजेश कुमार पांडेय ने कहा कि नौसैनिको ने अपने सेवाकाल में देश की रक्षा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। कई बार लंबे समय तक नौसैनिको को भूमि के दर्शन तक नही होते हैं लेकिन फिर भी वह पूरी निष्ठा से अपने दायित्वों का निर्वाह करते हैं। इस दौरान उन्होंने देश की रक्षा में अपने प्राणों की आहूति दी। उन्होंने एवं प्राण न्योछावर करने वाले नौसैनिको को नमन किया। पुलिस अधीक्षक डॉ. दुर्गेश कुमार ने कहा कि बार्डर में रहकर अपने देश की रक्षा के लिए अपने प्राणों की परवाह न करते हुए सेवा देने वालों सैनिकों की सराहना की। पूर्व नौसैनिकों के परिवारों के समागम में दुष्यंत सिंह चौहान ने नौसैनिको के अदम साहस, वीरता, बलिदान के स्मरण सुनाए। कार्यक्रम के संयोजन तथा संचालन पूर्व नौसैनिक सुरेंद्र सिंह राठौर ने कहा कि हर वर्ष पूर्व सैनिकों के परिवारों का समागम इस बार कानपुर नेवल वेटरेशन के तत्वाधान में बुंदेलखंड की धरती जोल्हूपुर मोड़ में आयोजित किया गया। बुंदेलखंड शैली में आयोजित होने वाले इस समागम में 17 प्रदेशों के पूर्व सैनिक एकत्रित हुए हैं तथा परिवार सहित विचार साझा कर रहे है। उन्होंने कहा कि बुंदेलखंड के पर्यटन को बड़ावा देने के उद्देश्य से कार्यक्रम किया जा रहा है। इस मौके पर उपजिलाधिकारी सुशील कुमार सिंह, क्षेत्राधिकारी अवधेश कुमार सिंह, कोतवाल नागेंद्र पाठक, ज्ञान भारती चौकी इंचार्ज विवेक मिश्रा, महेंद्र सिंह, अपूर्व शरद श्रीवास्तव आदि लोगों के पूर्व नौसैनिक अपने अपने पारिवारिक जनों के साथ मौजूद रहे। कार्यक्रम संयोजक सुरेंद्र सिंह राठौड़ ने बताया कि ऐतिहासिक नगरी कालपी समेत बुंदेलखंड के प्राचीन सांस्कृतिक एवं धार्मिक स्मारकों को विश्व के पटल पर लाने तथा पर्यटन को बढ़ावा देने के नौसैनिकों का कार्यक्रम आयोजित किया गया है। उन्होंने बताया कि बुन्देलखण्ड की संस्कृति , सभ्यता पर आधारित कार्यक्रम का आयोजित किये जा रहे हैं। आयोजकों के मुताबिक पूर्व नौ सैनिकों का दल वेदव्यास मंदिर, किला घाट, चौरासी गुंम्बद , सुर्य मंदिर समेत प्राचीन स्मारकों का दर्शन भी करेंगे कार्यक्रम स्थल में बुंदेलखंड की स्मारकों का चित्रो का आकर्षक तरीके से प्रदर्शन किया गया।



## संक्षिप्त समाचार

### युवक ने शादी का झांसा देकर बनाए शारीरिक संबंध

**कोंच।** एक युवती ने युवक पर शादी का प्रलोभन देकर शारीरिक संबंध बनाने और विषाक्त पदार्थ खिलाने का आरोप लगाते हुए पुलिस से शिकायत कर कार्रवाई किए जाने की मांग की है। दूसरी ओर आसपास के लोगों ने बताया है कि युवती और युवक ने बीते करीब 2 माह पहले मंदिर में शादी भी कर ली थी। युवती अब युवक पर कोर्ट में शादी करने के लिए दबाव बना रही थी लेकिन युवक टालमटोल कर रहा था। इसी बात को लेकर दोनों में कहासुनी हो गई थी। गुरुवार को फिर से युवती ने युवक पर कोर्ट मैरिज का दबाव बनाया लेकिन उसने हर बार की तरह फिर मना कर दिया जिससे गुस्से में आकर युवती ने डाई पी ली उसे सीएचसी में भर्ती कराया गया। शुक्रवार को युवती ने पुलिस को प्रार्थना दिया जिसमें उसने शादी का झांसा देकर लगातार शारीरिक संबंध बनाते रहने का आरोप लगा दिया। पुलिस ने दोनों को कोतवाली बुलवाया जहां दोनों के बीच मामला शांत करा दिया गया।

### गुरावती गांव का मामला: पुलिस की जांच में निकला झूठा

**कोंच।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम गुरावती में बुधवार की देर शाम गांव के युवकों में किसी बात को लेकर विवाद हो गया था और फिर गुरुवार की सुबह माता पिता के काम पर जाने के बाद युवकों ने नाबालिग बहन की मारपीट कर उसके हाथ पैर बांधकर घर में चोरी की झूठी कहानी रच डाली और पुलिस को सूचना दे दी थी।पूरे मामले की तह तक जाने के बाद बारीकी से जांच कर पुलिस ने घटना का खुलासा कर दिया। गुरुवार की सुबह करीब 10 बजे कोतवाली पुलिस को सूचना मिली थी कि क्षेत्र के ग्राम गुरावती में सूने घर में अकेली किशोरी के साथ मारपीट कर उसके हाथ पैर बांधकर घर के कमरों का सामान फैलाकर 10 हजार रुपया व एक सोने की अंगूठी अज्ञात लोग चोरी कर ले गए। सूचना पर तत्काल ही क्षेत्राधिकारी डॉ. देवेंद्र कुमार पचौरी और प्रभारी निरीक्षक अरुण कुमार राय पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गए थे और घटना की जांच में जुट गए थे। पुलिस को ग्रामीणों से जानकारी हुई थी बुधवार की रात गांव में जोनू परिहार व योगेश रजक के बीच विवाद हुआ था जिसमें एक दूसरे को देखने की धमकी दी गई थी। फिर पुलिस ने गहराई से जांच प?ताल की तो मामला कुछ और निकला, पुलिस ने बताया कि बुधवार की शाम हुए विवाद के बाद सुबह जोनू के माता पिता काम पर बाहर चले गए तो जोनू व उसके भाई ने ही चोरी की कहानी रच डाली और पुलिस को फर्जी सूचना दे दी। इस पूरे प्रकरण को लेकर सीओ देवेंद्र कुमार पचौरी ने कहा है कि ग्राम गुरावती के रहने वाले राजकुमार ने पुलिस को सूचना दी थी कि उनकी बेटी को नशीला पदार्थ सुंघाकर चोरी की घटना की गई है। जांच में पाया गया कि चोरी की घटना हुई ही नहीं है। राजकुमार के लड़के का गांव के ही एक अन्य युवक के साथ पूर्व में वाद-विवाद हो गया था और षड्यंत्र के तहत उसको फंसाने के उद्देश्य से झूठी सूचना दी गयी थी। इस संबंध में राजकुमार द्वारा लिखित रूप से भी यह बात स्वीकार कर ली गई है।वही प्रभारी निरीक्षक का कहना है कि फ़र्जी सूचना देने और झूठी कहानी रचने बाले के खिलाफ वैधानिक कार्यवाही की जाएगी।

### घर में घुसकर मारपीट, पुलिस ने किया मामला दर्ज

**कोंच।** घर में घुसकर गाली गलौज कर मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के आरोप में पुलिस ने 2 आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के मुहल्ला आराजीलेन निवासी इस्माईल पुत्र तयूम ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि बीती 8 जनवरी को मुहल्ले के ही रहने वाले ताहिर और नासिर ने उसके घर में घुसकर गाली गलौज करते हुए उसके साथ मारपीट की और जान से मारने की धमकी देकर मौके से भाग गए। घटना को लेकर पुलिस ने उपरोक्त दोनों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# सीट-बेल्ट, हेलमेट का प्रयोग करने हेतु किया जागरूक

**उरई**

''राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह'' के अन्तर्गत आज कालपी कस्बा में सीट-बेल्ट, हेलमेट का प्रयोग करने हेतु जागरुकता अभियान चलाया गया। उक्त अभियान में राजेश कुमार, सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) प्रथम दल, कस्बा कालपी के क्षेत्रवासियों द्वारा काफी बड़ी संख्या में उपस्थित रहकर सहयोग प्रदान किया गया।




राजेश कुमार, सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) प्रथम दल द्वारा एजाज चिश्ती व कालपी क्षेत्र वासियों के सहयोग से वाहनों में रिफ्लेक्टर टेप लगवाया गया तथा दो पहिया वाहन चालकों को हेलमेट व चार पहिया वाहन चालकों, एम्बुलेंस के चालकों व अन्य व्यवसायिक वाहन चालकों को सीट बेल्ट लगाकर वाहन का संचालन करने की सलाह दी गयी तथा जो भी वाहन चालक बिना सीट बेल्ट व हेलमेट के वाहनों का संचालन करते मिले उनको फूल देकर व माला पहनाकर सीट बेल्ट व हेलमेट पहनकर वाहन का संचालन करने हेतु आग्रह किया गया एवम् सड़क सुरक्षा के नियमों की जानकारी देते हुए जागरुक किया गया। साथ ही वाहन चलाते समय स्टंटबाजी न करने, नशे की हालत में वाहन न चलाने, तेज रफ्तार से वाहन न चलाने, गलत ढंग से ओवरटेक न करने, रॉंग साइड वाहन न चलाये जाने हेतु एवम् समस्त वैध प्रपत्रों सहित वाहन का संचालन करने हेतु आग्रह किया गया तथा यह भी अवगत कराया गया कि भारत सड़क दुर्घटनाओं की समस्याओं से जूझ रहा है, जिसमें दुर्घटनाओं में हताहत होने वालों में उत्तर प्रदेश पहले स्थान पर है। उपरोक्त के दृष्टिगत हम सभी की जिम्मदारी है कि हम स्वयं भी जागरुक हों और दूसरों को भी जागरुक करने हेतु आग्रह किया गया।

सुरेश कुमार, सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रशा0/प्रर्व0), द्वारा आटा टोल पर गुडसेमेरिटन पुरस्कार से सम्मानित समाज सेवी अब्दुल अलीम खान (अलीम सर), गुडसेमेरिटन पुरस्कार से सम्मानित समाज सेवी ममता स्वर्णकार, महावीर तरसौलिया, रेड क्रास सोसाइटी सदस्य, संतोष प्रजापति, अंकेश श्रीवास्तव, टोल प्लाजा मैनेजर, इरफान अहमद, एन0एच0ए0आई0 सेफ्टी डिप्टी मैनेजर एवम् टीम युद्धवीर सिंह कंथारिया आदि के सहयोग से सड़क सुरक्षा जागरुकता अभियान चलाया गया जिसमें दो पहिया व चार पहिया वाहन चालकों को हेलमेट व सीट बेल्ट लगाने हेतु प्रेरित किया गया व बगैर हेलमेट व सीट बेल्ट के वाहनों का संचालन करते मिले उनके फूल देकर व माला पहनाकर सीट बेल्ट व हेलमेट का प्रयोग करके ही वाहन का संचालन करने हेतु आग्रह किया गया व यातायात नियमों के विषय में विस्तृत जानकारी दी गयी।

## वंदन योजना के अंतर्गत गणेश मंदिर गढ़ी व भारत माता मंदिर में विकास कार्य स्वीकृत

### एक करोड़ 63 लाख से होगा मंदिरों का विकास

**कोंच।** नगर के प्राचीन भारत माता मंदिर के साथ ही गणेश मंदिर गढी में विकास कार्य स्वीकृत होने पर नगरवासियों में खुशी की लहर दौड गयी। शासन से धनराशि अवमुक्त कराने पर विधायक मूलचंद्र निरंजन के अलावा नगर पालिका अध्यक्ष प्रदीप गुप्ता को लोगों ने धन्यवाद दिया।शासन द्वारा चलाई जा रही वंदन योजना के अंतर्गत पालिका बोर्ड के प्रस्ताव पर शासन स्तर से दोनों मंदिरों के लिए 1 करोड़ 62 लाख 99 हजार रुपये की धनराशि पास हुई है। इस धनराशि से इन मंदिरों में श्रद्धालुओं के रात्रि विश्राम के लिए पुरुष और महिला के लिए अलग अलग कक्ष निर्माण, पंजीकरण हेतु ऑफिस निर्माण, नीचे जमीन पर मार्बल युक्त फर्श, परिक्रमा के लिए इंटरलॉकिंग, सोलर लाइट एवं बैंच व्यवस्था, मंदिर तक पहुंचने के लिए सीसी सड़क निर्माण, ऊपर टीन शेड का निर्माण, वाटर कूलर की व्यवस्था, साइन बोर्ड आदि कार्य किए जाएंगे।वही विधायक मूलचंद्र निरंजन का कहना है कि ऐसे सभी स्थलों का सौंदर्यीकरण और विकास कराया जाएगा। पालिकाध्यक्ष प्रदीप गुप्ता का कहना है कि फ़रवरी माह में टेंडर प्रक्रिया पूरी होने के बाद दोनों मंदिरों का विकास कार्य शीघ्र शुरू कर दिया जाएगा।

## अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर आधा दर्जन ससुरालियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**कालपी-उरई ।** नवविवाहित से अतिरिक्त दहेज की मांग करके उत्पीड़न करने के मामले में पीड़िता के द्वारा पति सहित 6 ससुरालियों के खिलाफ कालपी कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया गया है। उक्त प्रकरण की विवेचना कोतवाली पुलिस ने शुरू कर दी है। नगर के मुहल्ला उदनपुरा निवासिनी पीड़िता रूबी पुत्री परमलाल अहिरवार ने कोतवाली में अभियोग दर्ज कराते हुए बताया कि दिनांक 26-11-2023 प्रार्थिनी का विवाह संजय कुमार पुत्र शिवकुमार निवासी मुहल्ला राजेन्द्र नगर उरई के साथ सम्पन्न हुआ था। प्रार्थिनी के विवाह में माता पिता ने सामर्थ्य के मुताबिक 7 लाख रुपये नगदी, 2 लाख रुपये के जेवरात व गृहस्थी का सामान दिया था। प्रार्थिनी जब विवाह होकर सुसराल पहुँची तो आरोपी ससुरालीजन पति संजय कुमार, ससुर शिवकुमार, सास, नन्दों, ननदोई दिए दहेज से सन्तुष्ट नही थे तथा अतिरिक्त दहेज के रूप में 2 लाख रुपये तथा सोने की जंजीर की मांग करने लगे। इतना ही पति का किसी गैर लड़की के साथ सम्बंध भी है। दिनांक 8-10-2024 को अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर ससुरालीजनों ने मारपीट की व खबर पाकर जब पिता घर पहुँचे तो समझाने का प्रयास किया उक्त मामले की शिकायत महिला थाना उरई में भी की थी। इसके वाबजूद ससुरालीजनों के द्वारा मारपीट कर अतिरिक्त दहेज की मांग की गई। पीड़िता की शिकायत पर कोतवाली पुलिस के द्वारा सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया तथा विवेचना उपनिरीक्षक शैलेंद्र कुमार के द्वारा की जा रहीं है।

# धारदार हथियार से हमला कर चाचा व भतीजे को किया घायल

**जालौन-उरई**

खाद लेने आए किसानों ने मजदूर के साथ गाली-गलौज कर धारदार हथियार से हमला कर चाचा भतीजे को घायल कर दिया था। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

बंगरा मार्ग पर कृषि उत्पादन मंडी समिति के पास मोहल्ला रावतान में सईद की खाद की दुकान है। बीती छह जनवरी को उनकी दुकान पर कुछ किसान खाद की खरीदारी करने आए थे। खरीदी गई खाद को दुकान में मजदूरी कर रहे पंजाब सिंह ट्रैक्टर ट्राली में लाद रहे थे। तभी किसानों ने मजदूर के साथ गाली, गलौज शुरू कर दी। जब पंजाब सिंह के भतीजे दीपक कुमार निवासी खंडेराव ने मना किया तो किसानों ने मिलकर युवक के साथ गाली-गलौज कर मारपीट कर दी। इतना ही नहीं धारदार हथियार से हमला कर दीपक को घायल कर दिया था। मारपीट के बाद सभी आरोपी वहां से टैक्टर लेकर भाग निकले थे। हालत गंभीर होने पर घायल दीपक को सीएचसी मेडिकल कालेज के लिए रेफर किया गया था। इलाज कराकर आए दीपक की तहरीर पर पुलिस ने मामले में आरोपी हरिओम निवासी अज्ञात व उनके तीन अन्य साथियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

संपादकीय

# काम के घंटे

**कुछ** दिन पर इन्फोसिस के चेयरमैन नारायाण मूर्ति ने कहा था कि युवाओं को सप्ताह में 70 घंटे काम करना चाहिए। तब इसकी आलोचाना हुई थी। अब एल एंड टी के चेयरमैन एसएन सुब्रमण्यम ने कहा था कि सप्ताह में 90 घंटे काम करना चाहिए। उन्होंने तो यहां तक कह दिया कि रविवार को भी ऑफिस आएं। घर पर कब तक पत्नी का चेहरा निहारेंगे और पत्नी आपको निहारेगी? सुब्रमण्यम के कथन के बाद काम के घंटों के लिए बहस शुरू हो गई है। सप्ताह में 70 घंटे या 90 घंटे काम करने की वकालत गले नहीं उतरती है। क्या नारायण मूर्ति और सुब्रमण्यम फिर वह पुराना दौर लाने की वकालत कर हैं, जिसे बदलने के लिए श्रमिकों ने कड़ा संघर्ष किया था? 18वीं शताब्दी में काम के घंटे तय नहीं थे। तब मजदूर सोलह से 18 घंटे काम करते थे और इसके बदले कोई अतिरिक्त वेतन नहीं दिया जाता था। इस प्रथा का सबसे पहला विरोध 1806 में अमेरिका के फिलाडेल्फिया के मोचियों ने किया। मोचियों ने हड़ताल कर दी। अमेरिका की सरकार ने इन मोचियों पर मुकदमा कर दिया। इस मुकदमे की सुनवाई के दौरान पहली बार यह बात सामने आई की इन मजदूरों से 19 या 20 घंटे तक काम करवाया जा रहा है। 1827 में दुनिया की पहली ट्रेड यूनियन मानी जाने वाली मैकेनिक्स यूनियन ऑफ फिलाडेल्फिया ने काम के घंटे को 10 घंटे करने के लिए हड़ताल की। इसके बाद अलग-अलग ट्रेड यूनियनों ने काम के घंटों को कम करने और अच्छे वेतन की मांग के लिए आंदोलन किया। अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस हर साल 1 मई को मनाया जाता है। इसे मई दिवस भी कहा जाता है। मई दिवस मजदूरों के अधिकारों की लड़ाई से जुड़ा हुआ दिन है। इस लड़ाई के जन्म के पीछे काम के घंटे को कम करने का आंदोलन है। संभव आज भी कई जगहों पर ऐसी स्थितियां हों, जहां आठ घंटे से ज्यादा काम कराया जाता है। जहां ऐसा होता है, वह अमानवीय है। सरकारें श्रम कानूनों में बदलाव करके श्रमिकों से ज्यादा घंटे काम कराने के लिए काम करती दिख रही हैं। भारत का पूंजीपति वर्ग व बहुराष्ट्रीय निगम नहीं चाहते हैं कि उन्हें देश के मजदूर-कर्मचारियों को श्रम कानूनों के तहत वेतन, नियमित नौकरी व सामाजिक सुरक्षा देनी पड़े। वे मजदूरों से मनचाहे तरीके से काम लेना चाहते हैं। श्रमिकों की मेहनत से पैदा हुए मूल्य का और अधिक हिस्सा इनकी तिजोरियों में डाले जाने पर कोई भी रोक टोक न हो। सरकारें भी इन पूंजीपतियों के साथ सहयोग करती हैं।

**सरकारें श्रम कानूनों में बदलाव करके श्रमिकों से ज्यादा घंटे काम कराने के लिए काम करती दिख रही हैं। काम के आठ घंटे करने के लिए मजदूरों ने कड़ा संघर्ष किया था।**

पाठकवाणी

## दरगाह पर चादर

**भारत** के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा अजमेर शरीफ दरगाह के 813वे उर्स के अवसर पर पवित्र चादर दरगाह पर चढ़ाई गई। केंद्र में अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री किरण रिजुजी ने सूफी संत शेख मोइनुद्दीन चिश्ती की दरगाह पर पवित्र चादर चढ़ाई और बुलंद दरवाजे पर प्रधानमंत्री के संदेश भी बुलंद दरवाजे पर जायरीनों के लिए पढ़ा गया। दिल्ली के उपराज्यपाल एवं कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे द्वारा भी पवित्र चादर अजमेर शरीफ दरगाह पर सम्मान चढ़ाई गई है। राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा एवं दिल्ली के मुख्यमंत्री आतिशी सिंह की तरफ से भी अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री इमरान हुसैन के माध्यम से अजमेर शरीफ पर चादर चढ़ाई गई। देश के सभी राष्ट्रीय नेताओं के द्वारा देश में अमन चैन की दुआ की गई। हम सभी देश के प्रधानमंत्री अन्य राष्ट्रीय नेताओं के द्वारा अजमेर शरीफ दरगाह पर चादर चढ़ाना सद्भावना बढ़ाने वाला कार्य है, जिसके लिए देश के लिए सभी राष्ट्रीय नेताओं को मुबारकबाद देनी चाहिए। सभी धर्मों का सम्मान किया जाना चाहिए। हमारे नेता वही कर रहे हैं। बस देखना यह चाहिए कि इसमें किसी तरह की राजनीति नहीं होनी चाहिए। हम उम्मीद करते हैं कि देश में अमन चैन एवं शांतिपूर्ण माहौल कायम रहे है, ताकि देश प्रगति करें और विश्व में भारत की साख और मजबूत हो।

–वीरेन्द्र कुमार जाटव, दिल्ली

कुछ खास



हमने इस मुल्क के लिए खून दिया, लेकिन कश्मीर के आज भी कई पत्रकार, एक्टिविस्ट , नेता यूएपीए, पीएसए के तहत जेल में बंद हैं। उनमें से कुछ को छोड़ा भी गया तो उनके लैपटॉप, मोबाईल, पासपोर्ट उनके परिवार के मोबाईल फोन जब्त हैं।

–**रूहुल्लाह मेहदी**, श्रीनगर के सांसद

आज का ट्वीट



''48 लाख करोड़ का बजट पेश करने वाली सरकार ने पूंजीपतियों का 17 लाख करोड़ माफ कर दिया और कहा कि चुनाव में 4000 करोड़ का खर्च बहुत ज्यादा है। कुछ लोग इसे लोकतंत्र कह रहे हैं।''

**–कृष्णकांत**

# संकट में बसपा का राष्ट्रीय दर्जा

सामयिक



**शाहीन सबा**

**बहुजन समाज पार्टी का राष्ट्रीय पार्टी का दर्जा इसलिए कायम है, क्योंकि वह चार राज्यों में क्षेत्रीय पार्टी थी। 2018 के चुनाव में बसपा राजस्थान में छह सीटों पर जीत हासिल की थी। अब बसपा का मत प्रतिशत लगातार गिरता ही जा रहा है। अगर इलेक्शन कमीशन ने समीक्षा की तो बीएसपी के राष्ट्रीय पार्टी के दर्जे पर संकट खड़ा हो सकता है।**

दिल्ली विधानसभा चुनाव 2025 को लेकर देश की राजधानी में राजनीतिक माहौल काफी गरमाया हुआ है। मुख्य मुकाबला भाजपा, कांग्रेस व आप पार्टी के बीच दिखाई दे रहा है पर मायावती की बहुजन समाज पार्टी ने भी अपनी कमर कस ली है। बीएसपी जल्द ही दिल्ली की 70 विधानसभा सीटों पर उम्मीदवार उतार रही है। दिल्ली में बहुजन समाज पार्टी का वैसे तो बीते चुनाव में कोई जनाधार नहीं रहा था, लेकिन फिर भी बसपा ने अपनी मौजूदगी दर्ज कराने के लिए सभी सीटों पर चुनाव लड़ने का ऐलान किया है। चुनाव के इस रण में अचानक बसपा ने सभी सीटों पर लड़ने का एलान कर भाजपा व आप पार्टी के लिए मुसीबत खड़ी कर दी है।

वैसे मायावती के हाथी का इस रण में उतरना कोई नई बात नहीं है। राजधानी दिल्ली में बसपा दिल्ली नगर निगम की 250 और दिल्ली विधानसभा की 70 सीटों पर चुनाव लड़ती हुई आई है। साल 2008 में दिल्ली में 2 उम्मीदवार बसपा से जीत कर पहुंचे थे। बसपा ने साल 2009, 2014 और 2019 में दिल्ली में लोकसभा चुनाव भी लड़ा था, लेकिन कोई खास कामयाबी नहीं मिली। 2004 से 2024 तक हुए चार लोकसभा चुनाव में बसपा को इस बार सबसे कम वोट प्रतिशत मिला है। इस बार उसका वोट शेयर महज 0. 71 प्रतिशत रहा, जबकि वर्ष 2019 में 1.1 फीसदी रहा था। राजधानी दिल्ली में बसपा की छवि अब सिर्फ वोट काटने वाली पार्टी की बन गई है।



यही नहीं पहले आम चुनाव फिर हरियाणा और जम्मू कश्मीर विधानसभा चुनाव में मिली नाकामयाबियों से देश की एक मात्र दलितों के लिए राजनीति करने वाली राष्ट्रीय पार्टी बसपा पर नेशनल पार्टी का दर्जा छिनने का खतरा मंडराने लगा है। उत्तर प्रदेश सहित देश के कई राज्यों में लगातार घटते मत प्रतिशत के चलते बसपा को चिंता सता रही है। निर्वाचन आयोग इसकी समीक्षा करेगा तो बीएसपी का राष्ट्रीय पार्टी का दर्जा बचा रहना मुश्किल हो जाएगा। उत्तर प्रदेश में चार बार बहुजन समाज पार्टी की सरकार रही। केंद्र में भी पार्टी के लोकसभा और राज्यसभा सांसद जीतते रहे हैं। कई राज्यों में भी पार्टी के विधायक चुनाव जीतने में सफल होते रहे। पार्टी का जनाधार देश भर में फैला और मूलरूप से उत्तर प्रदेश की इस पार्टी ने राष्ट्रीय पार्टी का दर्जा हासिल कर लिया। बसपा उन आधा दर्जन पार्टियों में शामिल है जो राष्ट्रीय स्तर के राजनीतिक दल हैं, लेकिन हाल के कुछ सालों में बहुजन समाज पार्टी के लगातार गिरते प्रदर्शन से अब उसके सामने राष्ट्रीय स्तर का दर्जा बरकरार रख पाना भी बड़ी चुनौती साबित हो रहा है।

हाल ही में जब हरियाणा और जम्मू कश्मीर के नतीजे आ गए। सभी राजनीतिक दलों की तरह ही बहुजन समाज पार्टी ने भी चुनाव परिणाम से बड़ी उम्मीद लगा रखी थी, लेकिन नतीजे पार्टी के पक्ष में नहीं आए और सारी उम्मीदों पर पानी फिर गया। हरियाणा में इंडियन नेशनल लोकदल के साथ गठबंधन में चुनाव लड़ी बहुजन समाज पार्टी के कुल 37 सीटों पर प्रत्याशी मैदान में उतारे थे, लेकिन एक भी प्रत्याशी चुनाव जीतने में सफल नहीं हो पाया। अधिकतर उम्मीदवारों की जमानत जब्त हो गई। पिछले चुनाव में जहां पार्टी का 4.74 फीसदी मत मिले थे, वहीं इस चुनाव में वोट प्रतिशत 3 प्रतिशत घटकर सिर्फ 1. 82 फीसदी ही रह गया। जम्मू कश्मीर की स्थिति तो और भी बदतर हो गई। यहां पर पार्टी का मत प्रतिशत सिर्फ 0. 96 फीसद ही रह गया।

पिछले कुछ चुनाव में बहुजन समाज पार्टी के प्रदर्शन की बात की जाए तो यह खस्ता हाल ही रहा है। उत्तर प्रदेश के विधानसभा चुनाव में 2007 में बहुजन समाज पार्टी को 30. 43 फीसद वोट हासिल हुए थे और 206 सीटें जीतकर पार्टी बहुमत के साथ सत्ता में आई थी और पार्टी की सीटें सिर्फ 80 रह गईं। 2017 में जब चुनाव हुआ तो वोट प्रतिशत घटकर 22.23 प्रतिशत और सीटें सिर्फ 19 रह गई 2022 में तो पार्टी की हालत और भी खस्ता हो गई। वोट प्रतिशत सिर्फ 12.58 रह गया और जबकि सीट सिर्फ एक ही रह गई। इसी तरह बात अगर अन्य राज्यों में की जाए तो उत्तराखंड में 2007 में बहुजन समाज पार्टी को 11.76 प्रतिशत वोट हासिल हुए थे और 8 सीटों पर पार्टी ने जीत हासिल की थी। 2012 में वोट फीसद बढ़कर 12.5 प्रतिशत हो गया, लेकिन सीटें तीन ही रह गईं। साल 2017 में पार्टी को बड़ा नुकसान हुआ। वोट सिर्फ 7 प्रतिशत रह गए और सीट एक भी न मिली। 2022 में यह अनुपात और भी कम हो गया। सीटें सिर्फ दो रह गईं और वोट प्रतिशत गिरकर 4.52 प्रतिशत रह गया।

मध्य प्रदेश की बात की जाए तो साल 2008 में 8.97 प्रतिशत वोट और सात सीटों पर पार्टी को जीत मिली। साल 2013 में 6.29 प्रतिशत वोट और चार सीटें, 2018 में 5.01 प्रतिशत वोट और दो सीटें हासिल हुईं। 2023 में 3.35 प्रतिशत वोट मिले और सीट एक भी न बची। छत्तीसगढ़ में 2008 में 6.11 प्रतिशत वोट और दो सीटें, 2013 में 4.30 प्रतिशत वोट और एक सीट, 2018 में 3.90 प्रतिशत वोट और दो सीटें, 2023 में 2. 57 प्रतिशत वोट और सीट एक भी न मिली। राजस्थान में साल 2008 में बहुजन समाज पार्टी का वोट बैंक 7.5 0 प्रतिशत था और छह विधायक बने थे। 2013 में वोट प्रतिशत 4.20 प्रतिशत रह गया और सीटें घटकर तीन रह गईं। 2018 में वोट प्रतिशत 4.02 प्रतिशत रह गया लेकिन सीटें छह हो गईं। 2023 में वोट प्रतिशत बहुत ज्यादा गिरकर 1.82 प्रतिशत रह गया और सीटें भी सिर्फ दो रह गईं।

किसी भी राजनीतिक दल को राष्ट्रीय पार्टी का दर्जा हासिल करने के लिए तीन मानक होते हैं। इन सभी मानकों पर खरा उतरने वाली पार्टी को ही चुनाव आयोग की तरफ से राष्ट्रीय पार्टी का दर्जा दिया जाता है। पहला मानक यह है कि कम से कम चार राज्यों में लोकसभा या विधानसभा चुनाव लड़े और उनमें कम से कम छह फीसद से ज्यादा वोट हासिल करे। इतना ही नहीं इन राज्यों से कम से कम चार लोकसभा प्रत्याशी चुनाव जीत कर आएं। दूसरा मानक ये है कि कम से कम चार राज्यों में राज्य स्तरीय पार्टी का दर्जा हासिल करे और तीसरा, कुल सीटों में से कम से कम तीन राज्यों से दो प्रतिशत सीटें वह जीत जाए।

बहुजन समाज पार्टी का राष्ट्रीय पार्टी का दर्जा इसलिए कायम है, क्योंकि वह चार राज्यों में क्षेत्रीय पार्टी थी। छत्तीसगढ़, तेलंगाना, एमपी, राजस्थान और मिजोरम के चुनाव हुए नहीं थे। इससे पहले 2018 के चुनाव में बसपा राजस्थान में छह सीटों पर जीत हासिल की थी। छत्तीसगढ़ में उसके पास दो सीटें थीं। इस प्रकार तीन सीटें या तीन प्रतिशत सीटों पर जीत के आधार पर वह यहां राज्य स्तरीय पार्टी बनी रही थी। इसी तरह उत्तराखंड में दो सीटें जीतकर राज्य स्तरीय पार्टी बन गई थी। उत्तर प्रदेश में लोकसभा चुनाव में छह फीसद से ज्यादा वोट हासिल कर और लोकसभा सीट जीतने के आधार पर राज्य स्तरीय पार्टी बनी रही। यही वजह है कि उसका राष्ट्रीय पार्टी का दर्जा बरकरार रहा। बसपा का मत प्रतिशत भी लगातार गिरता ही जा रहा है। ऐसे में यह सच है कि अगर इलेक्शन कमीशन ने समीक्षा की तो बीएसपी के राष्ट्रीय पार्टी के दर्जे पर संकट खड़ा हो सकता है।

# भारत में पैर पसारता ह्यूमन मेटान्यूमोवायरस-इन्फेक्शन और सांस से जुड़े वायरस का बुजुर्गों बच्चों पर निशाना-सरकार सतर्क

## 5 वर्ष से कम व 65 वर्ष से अधिक उम्र वालों व सांस एवं अस्थमा रोगियों को सतर्कता की जरूरत

**वायरस फैलने की दर कोरोना से कम है परंतु फैलने का तरीका एक जैसा-सरकार पूरी तरह अलर्ट परंतु नागरिकों का सहयोग जरूरी-एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानी गोंदिया महाराष्ट्र**



**एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानी गोंदिया महाराष्ट्र**




**गोंदिया** – वैश्विक स्तरपर दुनियाँ का हर देश बड़ी मुश्किल से कोरोना महामारी से निजात पाकर स्टेबल होते जा रहे हैं, परंतु इसके विभिन्न वेरिएंट पीछा नहीं छोड़ रहे हैं। एक और जहां 20 जनवरी 2025 को डोनाल्ड ट्रंप के राष्ट्रपति पद ग्रहण करने व अपनी रणनीतियों से पूरे विश्व के प्रभावित होने के फंडे से पर पूरी दुनियाँ की दहशत भरी नजरें लगी हुई है, तो वहीं दूसरी ओर एक नई कोरोनावायरस एचएमपीवी के बढ़ते संक्रमण से सभी देश संपूर्ण तैयारी में जुट गए हैं, जिसमें भारत भी है।चूँकि भारत में 11 जनवरी 2025 तक 11 से अधिक केस डिटेक्ट हो चुके हैं, सरकार ने राज्य सरकारों को गाइडलाइंस जारी कर दिए हैं, तो वहीं झारखंड ने भी अपने राज्य के लिए गाइडलाइंस जारी कर दी है। चूँकि पूरी दुनियाँ कोविड महामारी के दंश को झेल चुकी है चुकी है इसलिए सभी देशों नें अपने-अपने स्वास्थ्य स्ट्रक्चर को बहुत अधिक मजबूत कर दिए हैं जिसमें भारत भी एक है, परंतु सबसे अधिक जवाबदेही हम नागरिकों की भी है किमरीज का पता चलने पर तुरंत उसकी सूचना स्वास्थ्य विभाग को दें व बच्चों,बुजुर्गों को भीड़भाड़ वाले इलाके में जाने से बचें, मास्क लगाए व सरकार द्वारा जारी गाइडलाइंस का पालन करें तो हम इस महामारी से जोरदार तरीके से मुकाबला कर इसें जमीं दरोज कर सकते हैं।चूँकि 5 वर्ष से कम व 65 वर्ष से अधिक आयु वाले व सांस एवं अस्थमा रोगियों को सतर्क रहने की जरूरत है, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे,भारत में पैर पसारता ह्यूमन मेटान्यूमो वायरस-इन्फेक्शन और सांस से जुड़े वायरस का बुजुर्गों बच्चों पर निशाना- सरकार सतर्क परंतु सावधान रहने की जरूरत। साथियों बातें अगर हम ह्यूमन मेटान्यूमोवायरस को संपूर्ण जानने की करें तो यह इंफेक्शन और सांस से जुड़ावायरस है। इसमें मरीजों को खांसी, बुखार, सांस लेने में तकलीफ और नाक बहने जैसी समस्याएं होती हैं। एचएमपीवी एक आरएनए वायरस है, जो आमतौर पर सर्दी जैसे लक्षण पैदा करता है। इसका जोखिम ठंड के मौसम में ज्यादा होता है। अमेरिका के सेंटर्स फॉर डीजीज कंट्रोल एंड प्रिवेंशन के मुताबिक, ये वायरस न्यूमोविरिडे वायरस फैमिली से जुड़ा है, जिसमें रेस्पिरेटरी सिंसिटियल वायरस भी शामिल है। रेस्पिरेटरी सिंसिटियल वायरस से फेफड़ों और सांस नली में इंफेक्शन होता है। ये इतना आम है कि 2 साल तक की उम्र के ज्यादातर बच्चे इस वायरस से प्रभावित हो जाते हैं। कोरोना यानी कोविड-19 महामारी के लिए जो वायरस जिम्मेदार था, जो कोरोना विरिडे वायरस फैमिली से जुड़ा है। एचएमपीएस और कोरोना अलग-अलग वायरल फैमिली से आते हैं, लेकिन दोनों के लक्षण भी लगभग समान हैंएचएमपीवी से जुड़े आम लक्षणों में खांसी, बुखार, नाक बंद होना और सांस लेने में तकलीफ शामिल हैं जो कोविड -19 में भी हो रहे थे।अमेरिकी सीडीएस के मुताबिक, कोविड-19 पर टेंप्रेचर का इफेक्ट होने की वजह से सीजनल था, लेकिनएमपीवी पर टेंप्रेचर का ज्यादा फर्क नहीं पड़ता, जिसके चलते अलग-अलग मौसम में फैल रहा है। अमेरिका में सर्दी से लेकर बसंत के मौसम में इसके केस पीक पर पर होते हैं। एचएमवीपी वायरस का ट्रांसमिशन रेट यानी फैलने की दर कोरोना वायरस की तुलना में कम है।लेकिन इसके फैलने का तरीका लगभग एक जैसा है। ड्रॉपलेट्सः जब कोई संक्रमित व्यक्ति खांसता, छींकता या बात करता है, तो हवा में कुछ बूंदें फैलती हैं। डायरेक्ट कॉन्टैक्टः संक्रमित व्यक्ति के साथ डायरेक्ट कॉन्टैक्ट यानी सीधे या शारीरिक संपर्क से फैल सकता है।खासकर अगर कोई उनके चेहरे, आंख या मुंह को छूता है।चीजों की सतहः ये चीजों की सतहों पर बना रह सकता है।दरवाजे के हैंडल यामोबाइल जैसी दूषित चीजों को छूने से संक्रमण का खतरा बढ़ जाता है। हवा में मौजूदगीः वायरस के छोटे- छोटे पार्टिकल्स हवा में रह सकते हैं, खासकर भीड़भाड़ वाले या खराब हवा वाली जगहों में, इसका सबसे ज्यादा असर 5 साल से कम उम्र के बच्चों और 65 साल से ज्यादा उम्र के बुजुर्गों को होगा, खासकर समय से पहले जन्मे बच्चे यानी प्री-मैच्योर चाइल्ड में। साथ ही जिन लोगों की इम्युनिटी कमजोर है या जिन्हें अस्थमा जैसी सांस से जुड़ी बीमारी है। साथियों बात अगर हम इस वायरस से नहीं डरनेसावधानी रखने व जांच करने की करें तो, चीन में तेजी से फैले ह्यूमन मेटानिमोवायरस ने ये डर और बैठा दिया है कि कहीं ये कोरोना वायरस जैसी महामारी का रूप न ले ले, इसको लेकर भारत में भी पैनी नजर रखी जा रही है। ताजा घटनाक्रम में भारत सरकार ने कहा है कि भारत इस वायरस से निपटने के लिए पूरी तरह से तैयार है और घबराने की जरूरत नहीं है, वहीं, तेलंगाना सरकार ने दिशा-निर्देश जारी किए हैं।हालांकि राज्य में अब तक 11 से अधिक मामले आए हैं, इसलिए हम सबको मिलकर इन बातों का ध्यान रखना बहुत जरूरी है। (1) खांसते या छीकते समय मुंह और नाक को रूमाल या टिश्यू से ढकें, (2) अपने हाथों को साबुन और पानी से बार-बार धोएं या अल्कोहल-आधारित सैनिटाइजर का उपयोग करें। (3) भीड़भाड़ वाली जगहों से बचें और फ्लू से प्रभावित लोगों से दूरी बनाए रखें। (4) बुखार, खांसी या छींक आने पर सार्वजनिक स्थानों पर जाने से बचें। (5) पर्याप्त मात्रा में पानी पिएं और पौष्टिक भोजन करें। (6) सभी स्थानों पर पर्याप्त वेंटिलेशन सुनिश्चित करें। (7) बीमार होने पर घर पर रहें और दूसरों के संपर्क को सीमित करें। साथियों इसके लक्षण दिखने पर एचएमपीवी वायरस की जांच कराई जा सकती है। इसी जांच भी कोरोना वायरस जैसी ही सरकारी अस्पतालों या प्राइवेट लैब में कराई जा सकती है। सैंपल प्रोसेस, नासॉफैरिंजियल स्वैब : नाक में कॉटन बड्स डालकर सैंपल लेना। थ्रोट स्वैब : गले में कॉटन बड्स डालना ' ब्लड सैंपलः कुछ मामलों में ब्लड टेस्ट भी किया जा सकता है। बलगमः यदि मरीज को बलगम हो रहा हो, तो उसे भी जांच के लिए भेजा जा सकता है। साथियों बात अगर हम एचएमपीवी संक्रमण को कोविड -19 के परिपेक्ष में से समझने की करें तो, कोविड-19 महामारी से दुनियाँ भर में लंबा लॉकडाउन लगा रहा और लाखों लोगों की मौत भी हुई। लगभग 4 साल बाद इस महामारी से उबरने के बाद चैन की सांस ली ही थी कि अब एक और वायरस ने दुनियाँ भर में चिंताएं बढ़ा दी हैं। दरअसल, रिपोर्ट्स बताती हैं कि चीन घातक कोविड-19 महामारी के प्रकोप के चार साल बाद एक और महामारी से जूझ रहा है। इस महामारी का कारण एक वायरस है जिसका नाम है, ह्यूमन मेटान्यूमोवायरस (एचएमपीवी ) इस वायरस के कारण कई देश इसके प्रसार पर निगरानी रख रहे। मेडिकल संस्थानों ने एचएमपीवी पर चिंता जताई है जो एक रेस्पिरेट्री (श्वसन) वायरस है जो कई एशियाई देशों को प्रभावित कर रहा है। रॉयटर्स में पब्लिश एक रिपोर्ट के मुताबिक,हाल ही में पाए गए मामलों में राइनोवायरस और मानव मेटान्यूमोवायरस जैसे रोगाणु शामिल हैं। विशेष रूप से चीन के उत्तरी प्रांतों में 14 वर्ष से कम आयु के लोगों में ह्यूमन मेटान्यूमोवायरस के मामलों में वृद्धि देखी जा रही है। अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर इसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि भारत में पैर पसारता ह्यूमन मेटान्यूमोवायरस- इन्फेक्शन और सांस से जुड़े वायरस का बुजुर्गों बच्चों पर निशाना-सरकार सतर्क 5 वर्ष से कम व 65 वर्ष से अधिक उम्र वालों व सांस एवं अस्थमा रोगियों को सतर्कता की जरूरत।वायरस फैलने की दर कोरोना से कम है परंतु फैलने का तरीका एक जैसा- सरकार पूरी तरह अलर्ट परंतु नागरिकों का सहयोग जरूरी है।

**-संकलनकर्ता लेखक - कर विशेषज्ञ स्तंभकार साहित्यकार अंतरराष्ट्रीय लेखक चिंतक कवि संगीत माध्यमा सीए(एटीसी) एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र**

तीखी नजर

# चतुर बिल्ली और चाटुकार चूहे



गोविंद सेन

जब बिल्ली सौ चूहे मारकर खा जाती है, तब उसे हज करने की सुध आती है। भूखे पेट भजन की तरह भूखे पेट हज भी नहीं होता। पहले पेट पूजा फिर काम दूजा। पाप मैल है, उसे धोना ही पड़ता है। बिल्ली पर सौ चूहे को खाने का पाप चढ़ा होता है। हज जाकर वह अपने पाप को धोने का उपक्रम करती है। अभी तक कोई ऐसी मशीन नहीं बनी है जिससे कि हज के बिना पापों की गहरी धुलाई की जा सके। पवित्र नदियों को पाप धोते रहना पड़ता है। मगरमच्छों के पाप तो उन्हें निरंतर धोते ही रहना पड़ते हैं। इस चक्कर में वे प्रदूषित हो गई हैं। पाप अधिक और पानी कम पड़ने लगा है। पानी अपार गंदा हो गया है।

बिल्ली के पास सौ चूहों को खाने का मजबूत तर्क है। उसने सिद्ध कर दिया है कि उन चूहों ने खुद स्वर्ग में जाने की इच्छा प्रकट की थी। उन चूहों ने निवेदन किया था कि उन्हें स्वर्गारोहण करना है। इसीलिए उन्हें जबरन उदरस्थ करना पड़ा। मांसाहारी बनना पड़ा। क्योंकि उसके पेट में ही स्वर्ग है। लेकिन पाप चढ़ गया सो चढ़ गया। पाप प्रक्षालन के लिए उसे विवश हो हज का रुख करना पड़ा। बिल्ली कभी आग में नहीं जलती। वह अपने हाथ पांव बचाकर चलती है। सौ चूहों को हजम करने बाद उसने खुद को शाकाहारी घोषित कर दिया। अब केवल दुग्धपान करती है, रक्तपान बंद।

बिल्ली की भूख शांत हो चुकी थी। इसीलिए वह व्रत उपवास और पूजा पाठ की ओर उन्मुख हो गई थी। इसी भावना ने उसे हज की ओर प्रस्थान करने पर विवश किया था। अब चाटुकार चूहे उसका यशोगान करते चलते हैं। वे बिल्ली की मूषक-वत्सलता, दयालुता और त्याग के किस्से बना-बनाकर उन्हें कलात्मक ढंग से प्रस्तुत करते हैं। क्योंकि उन चाटुकार चूहों को उसने छोड़ दिया था। उनकी जान उसने बख्श दी थी। यही नहीं, उन्हें विपुल धनराशि के साथ मूषकश्री, मूषक रत्न, मूषक शिरोमणि जैसे अनेक सम्मानों से सम्मानित भी किया जा रहा है। जैसी वफादारी वैसा सम्मान। सौ चूहों से बिल्ली का पेट पर्याप्त से अधिक भर गया था। वे आभारी चूहे कुटिल बिल्ली की कूटनीति को उसकी त्याग और दयालुता बताने में जुट गए हैं।

हज से लौटने के बाद बिल्ली की धज देखने लायक है। वह पापात्मा से पुण्यात्मा में बदल गई है। चाटुकार चूहे उसका अतिशय सत्कार करने में जुटे हैं। अब बिल्ली इन चाटुकार चूहों के लिए उदारता का अवतार हो गई है। ये बिल्ली के चुने हुए चूहे हैं। बिल्ली इनके लिए दानों का ऐसा अपार भंडार खोल देती है कि उनकी सात पीढ़ी भी दाने कुतरते रहें तो दाने खत्म न हों।हज के बाद बिल्ली धड़ल्ले से मांसाहारियों की निंदा करने लगी है। ये वही चाटुकार चूहे हैं जिन्हें बिल्ली ने अपनी हवा बनाने के लिए छोड़ दिया था। उन्हें अभय दान दे दिया था। उन्हें बिल्ली की शाकाहारी छवि निर्मित करनी है। बिल्ली को दुनिया की सबसे बड़ी वीगन बनाना उनका ही काम है। उसकी धूमिल छवि को चमकाने का जिम्मा इन्हीं चाटुकार चूहों के चंचल कंधों पर है।

# पहले वनडे में जीती भारतीय महिला टीम

## आयरलैंड को छह विकेट से हराकर तीन मैचों की सीरीज में 1-0 की बनाई बढ़त



### मंधाना ने सबसे तेज चार हजार रन पूरे किए

● राजकोट,

**प्रतिका** रावल (89) और तेजल हसबनिस (नाबाद 53) की अर्धशतकीय पारियों की बदौलत भारतीय महिला टीम ने शुक्रवार को पहले एकदिवसीय मुकाबले में आयरलैंड की महिला टीम को 93 गेंदे शेष रहते छह विकेट से हरा दिया हैं। इसी के भारतीय टीम ने तीन एकदिवसीय मैचों की सीरीज में 1-0 से बढ़त बना ली हैं।

आयरलैंड के 239 रनों के जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम के लिए स्मृति मंधाना और प्रतिका रावल ने अच्छी शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिए 70 रन जोड़े। 10 ओवर में फ्रैया सार्जेंट ने स्मृति मंधाना को आउटकर इस साझेदारी को तोड़ा। स्मृति मंधाना ने 29 गेंदों में छह चौके और एक छक्का लगाते हुए (41) रनों की पारी खेली। स्मृति मंधाना महिला वनडे में सबसे तेज 4000 रन बनाने वाली भारतीय महिला बन गईं। वह अब वनडे में इस मुकाम पर पहुंचने वाली दुनिया की 15वीं और मिताली राज के बाद दूसरी भारतीय हैं। मंधाना ने भारतीय पारी के नौवें ओवर में अर्लीन केली की गेंद पर सिंगल लेकर 4 हजार रन पूरे किए। हरमनप्रीत की गैरमौजूदगी में भारत के लिए कप्तानी कर रही स्मृति मंधाना ने ओपनर प्रतिका रावल के साथ मिलकर पहले विकेट के लिए 70 रन जोड़े। इसके बाद हरलीन देओल (20) और जेमिमाह रॉड्रिग्स (09) रन बनाकर आउट हुई। 34वें ओवर में एमी मग्वायर ने शतक की ओर बढ़ रही



प्रतिका रावल को आउटकर पवेलियन भेज दिया। प्रतिका रावल ने 96 गेंदों में 10 चौके और एक छक्का लगाते हुए (89) रन बनाये। तेजल हसबनिस 46 गेंदों में 53 रन बनाकर नाबाद रही। ऋचा घोष ने (नाबाद आठ) रन बनाये। भारत ने 34.3 ओवर में चार विकेट पर 241 रन बनाकर छह विकेट से मुकाबला जीत लिया। आयरलैंड की ओर से एमी मग्वायर ने तीन विकेट लिए। फ्रैया सार्जेंट ने एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले यहां आयरलैंड ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी आयरलैंड ने कप्तान गैबी लुईस (92) और ली पॉल (59) की शानदार बल्लेबाजी के दम पर भारत को जीत के लिए 239 रनों का लक्ष्य दिया था। आयरलैंड की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने 56 के स्कोर पर अपने चार विकेट गवां दिये थे। सारा फोब्स (09), उना रेमंड-होयी (05), ऑर्ला प्रैडरगस्त (09) और लॉरा डेलेनी (00) पर आउट हुई। ऐसे संकट के समय गैबी लुईस और ली पॉल की जोड़ी ने पारी को संभाला। दोनों बल्लेबाजों के बीच पांचवें विकेट के लिये 117 रनों की साझेदारी हुई। 39वें ओवर में ऋचा और हरलीन ने ली पॉल को रनआउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। ली पॉल ने 73 गेंदों में 59 रन बनाए। 44वें ओवर में दीप्ति शर्मा ने शतक की ओर बढ़ रही गैबी लुईस को अपनी ही गेंद पर कैच आउटकर पवेलियन भेज दिया। लुईस ने 129 गेंदों में 15 चौकों की मदद से (92) रनों की पारी खेली। आयरलैंड का सातवां विकेट 50वें ओवर में आर्लीन केली (28) के रूप में गिरा। किस्टिना कुल्टर रीली (15) और जॉर्जिना डेम्पसी (05) रन बनाकर नाबाद रही।



## केएल राहुल इंग्लैंड के खिलाफ 8 मैचों से बाहर

### 22 जनवरी से शुरू होगी घरेलू सीरीज, चैंपियंस ट्रॉफी के लिए टीम में चयन का मिला आश्वासन

● मुंबई,

**भारतीय** बल्लेबाज केएल राहुल को इंग्लैंड के खिलाफ घरेलू मैदान पर होने वाली आठ मैचों की व्हाइट-गेंद सीरीज से आराम दिया जाएगा, जिसमें पांच टी-20 और तीन वनडे शामिल हैं। यह सीरीज 22 जनवरी को कोलकाता में पहले टी-20 मैच से शुरू होगी।

मध्यक्रम के बल्लेबाज और विकेटकीपर केएल राहुल को सिलेक्शन कमेटी ने आश्वासन दिया है कि उन्हें फरवरी में पाकिस्तान और यूएई में होने वाली चैंपियंस ट्रॉफी के लिए टीम में चुना जाएगा। एक अधिकारी ने बताया कि चैंपियंस ट्रॉफी में राहुल की जगह पक्की है। इसलिए ही उन्हें इंग्लैंड सीरीज से आराम दिया गया है। हालांकि राहुल हाल ही में भारत की टी-20 टीम का हिस्सा नहीं रहे हैं। उन्होंने अपना आखिरी टी-20 साल 2022 में खेला था, लेकिन वह वनडे में भारत के नंबर 1 विकेटकीपर बल्लेबाज रहे हैं, जहां उन्होंने लगातार मध्य क्रम में रन बनाए हैं। ऑस्ट्रेलिया में संपन्न हुई बॉर्डर-गावस्कर सीरीज में केएल राहुल को पांचों टेस्ट मैचों की प्लेइंग इलेवन में शामिल किया गया था। राहुल ने 30.66 की औसत से 276 रन बनाए थे। जिसमें 2 अर्धशतक शामिल है। राहुल विजय हजारे ट्रॉफी से भी बाहर रहने का फैसला किया। कर्नाटक की टीम को 11 जनवरी को वडोदरा के खिलाफ क्वार्टर फाइनल मैच खेलेगी। राहुल इसमें नहीं खेलेंगे। वहीं अगर कर्नाटक की टीम क्वार्टर-फाइनल को जीतकर आगे बढ़ती है, तो भी वह विजय हजारे ट्रॉफी में हिस्सा नहीं लेंगे।

## सार संक्षेप

### बॉक्सिंग की नर्सरी बनकर उभरेगा पिथौरागढ़ : रेखा आर्य

**पिथौरागढ़/नैनीताल** : उत्तराखंड की खेल मंत्री रेखा आर्य ने शुक्रवार को कहा कि राज्य का सीमांत जनपद पिथौरागढ़ बॉक्सिंग की नर्सरी बनकर उभरेगा। आर्य ने यह बात पिथौरागढ़ के हरि सिंह थापा स्पोर्ट्स कॉलेज परिसर लेलू में बहुउद्देशीय क्रीड़ा हॉल का लोकार्पण के दौरान कही। उन्होंने कहा कि पिथौरागढ़ ने पहले भी अंतरराष्ट्रीय स्तर कई बॉक्सर दिए हैं और अब मुझे उम्मीद है कि पिथौरागढ़ बॉक्सरों की नर्सरी बनकर उभरेगा। खेल मंत्री ने पूजन हवन के साथ ही विधिवत बहुउद्देशीय क्रीडा हाल का लोकार्पण किया। खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि अब खेलों और खिलाड़ियों का युग आ चुका है और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में हमने ऐसी व्यवस्था कर दी है कि अगर आप खेलों में अच्छा प्रदर्शन करते हैं तो आपको अपने करियर की चिंता करने की कोई जरूरत नहीं है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में देश ओलंपिक के आयोजन की दावेदारी में जुटा है और ऐसे में पिथौरागढ़ में राष्ट्रीय खेलों की बॉक्सिंग प्रतियोगिता का होना गौरव की बात है। इससे यहां नई बॉक्सिंग प्रतिभाओं को निखरने की प्रेरणा मिलेगी। उन्होंने खिलाड़ियों का भी आहवान करते हुए कहा कि सरकार ने आधारभूत ढांचा खड़ा करके तैयारी पूरी कर दी है और अब जिम्मेदारी आपके कंधों पर है, आपको अपने हुनर को इस तरह निखारना है कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश और राज्य का नाम रोशन हो सके। खेल मंत्री ने बहुउद्देशीय हाल तक पहुंचने वाली सड़क का निर्माण भी जल्द से जल्द पूरा करने के निर्देश दिए।

### अमेरिका के लॉस एंजिल्स के जंगलों में लगी आग के कारण मैच स्थगित

**लॉस एंजिल्स** : अमेरिका के लॉस एंजिल्स प्रांत के जंगलों में लगी भीषड़ आग के कारण राष्ट्रीय बॉस्केटबॉल एसोसियेशन (एनबीए) ने लॉस एंजिल्स लेकर्स और शार्लोट हॉर्नेट्स के बीच शुक्रवार को होने वाले बॉस्केटबॉल मैच को स्थगित कर दिया है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार एनबीए ने कहा कि पूरा एनबीए परिवार इस चुनौतीपूर्ण समय के दौरान लॉस एंजिल्स के समुदाय के लिए अपनी संवेदनाएं और समर्थन व्यक्त करता है। एनबीए ने कहा कि मैच की पुर्ननिर्धारित तिथि की घोषणा बाद में की जाएगी।

### अस्मिता खेलो इंडिया महिला योगासन लीग में 7000 प्रतिभागियों ने लिया हिस्सा

**बक्करवाला**: राष्ट्रीय अस्मिता खेलो इंडिया महिला योगासन लीग 2024-25 में पश्चिम बंगाल और मध्य प्रदेश की एथलीटों ने शानदार प्रदर्शन किया। उत्तराखंड में होने वाले आगामी राष्ट्रीय खेलों से पहले बड़ी उम्मीदों के साथ राष्ट्रीय प्रतियोगिता संपन्न हुई। आनंद धाम आश्रम, बक्करवाला, नांगलोई नजफगढ़ रोड पर पांच से सात जनवरी तक आयोजित लीग के अंतिम चरण में 270 से अधिक एथलीटों ने हिस्सा लिया। भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय की सचिव सुजाता चतुर्वेदी ने एथलीटों को बधाई दी। उन्होंने भारत में योगासन के बढ़ते महत्व पर जोर देते हुए कहा कि 2026 एशियाई खेलों में इसे शामिल भी किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि योगासन को अब 2026 एशियाई खेलों (जापान) में एक प्रदर्शनकारी खेल के रूप में शामिल किया गया है। इसके अलावा उत्तराखंड में होने वाले आगामी 38वें राष्ट्रीय खेलों में भी इसे एक प्रतिस्पर्धी खेल के रूप में शामिल किया गया है। राष्ट्रीय लीग के लिए प्रतिभागियों ने पिछले वर्ष देशभर में आयोजित क्षेत्रीय चैंपियनशिप के माध्यम से अर्हता प्राप्त की। इसमें 7000 से अधिक महिला एथलीटों ने भाग लिया। लीग में पांच श्रेणियां : पारंपरिक योगासन, कलात्मक योगासन (एकल), कलात्मक योगासन (जोड़ी), लयबद्ध योगासन (जोड़ी) और कलात्मक योगासन (समूह) शामिल थीं। भारत के चार क्षेत्रों से अंडर-18 और 18 से ऊपर की आयु वर्ग के शीर्ष आठ एथलीटों ने पांच श्रेणियों में भाग लिया।

## केबरा में रिंकू के छक्के से टूटा शीशा अब तक नहीं बदला

**केबरा** भारतीय बल्लेबाज रिंकू सिंह के छक्के से टूटे सेंट जॉर्ज स्टेडियम का शीशा अब तक नहीं बदला गया है। दिसंबर 2023 में भारत और साउथ अफ्रीका के बीच हुए टी-20 में रिंकू ने एडेन मार्करम की गेंद पर सिक्स लगाया था। इस छक्के की वजह से ग्रीम पोलक पवेलियन के शीशे के पैनल में दरार आ गई थी। स्टेडियम के बजट की कमी के कारण 13 महीने बाद भी यह शीशा नहीं बदला गया है। ब्रेविस ने भी उसी जगह पर सिक्स लगाया। एसए-20 के तीसरे सीजन के पहले मैच में एमआई केप टाउन के बल्लेबाज डेवाल्ड ब्रेविस का छक्का भी लगभग उसी जगह लगा था। स्टेडियम के मेंटेनेंस का काम देखने वाले टेरेंस ने बताया कि टूटा शीशा सुरक्षा के लिए खतरा नहीं है इसलिए इसे तुरंत बदलना जरूरी नहीं है। हालांकि स्टेडियम में बजट की समस्या भी है। उन्होंने आगे कहा कि अगस्त में आए तूफान की वजह से एक स्टैंड की पूरी छत उड़ गई थी। जिस पर हमें लगभग 18 लाख का खर्च करना पड़ा। स्टेडियम की छत और अन्य जरूरी मरम्मत को प्राथमिकता दी गई है। शीशा बदलने के लिए क्रेन और भारी मशीनरी की जरूरत पड़ेगी जो मैच के दौरान मुमकिन नहीं है।



## मलेशिया ओपन के सेमीफाइनल में पहुंचे चिराग शेट्टी-सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी

### मलेशिया की ओंग यू सिन और टेओ ई यी की जोड़ी को सीधे गेम में 26-24, 21-15 से दी शिकस्त

● कुआलालंपुर,

**चिराग** शेट्टी और सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी की भारतीय जोड़ी ने शुक्रवार को क्वार्टर फाइनल में स्थानीय जोड़ी के खिलाफ रोमांचक जीत दर्ज करते हुए मलेशिया ओपन 2025 बैडमिंटन टूर्नामेंट में पुरुष युगल स्पर्धा के सेमीफाइनल में जगह बना ली है।

शुक्रवार को यहां 50 मिनट तक चले मुकाबले में चिराग-सात्विक ने मलेशिया की ओंग यू सिन और टेओ ई यी की जोड़ी को सीधे गेम में 26-24, 21-15 से शिकस्त दी। भारतीय जोड़ी ने पहले गेम प्रदर्शन करते हुए ओंग यू सिन और टियो ई यी की मलेशियाई जोड़ी से मिली कांटे की टक्कर दी। सात्विक और चिराग की जोड़ी ने 11-9 की बढ़त हासिल की, लेकिन ओंग यू सिन और टियो ई यी ने 13-13 से स्कोर की बराबरी की। इसके बाद भी मुकाबला बराबरी पर रहा। इसके बाद भारतीय जोड़ी ने लगातार अंक हासिल कर 26-24 से जीत दर्ज की। इसके बाद भारतीय जोड़ी ने अपनी बढ़त को बरकरार रखते हुए स्कोर के अंतर को बड़ा दिया और दूसरे गेम में 21-15 से जीत के साथ मैच अपने नाम कर लिया। सेमीफाइनल में सातवीं वरीयता प्राप्त सात्विक साईराज रंकीरेड्डी और चिराग की जोड़ी का सामना दक्षिण कोरिया के किम वोन हो और सेओ सेउंग जे से होगा।



## चैंपियंस ट्रॉफी में विराट पर होगी नजरें

### अपने परिवार के साथ वृंदावन के संत महात्मा प्रेमानंद महाराज की शरण में पहुंचे कोहली

**वृंदावन, ब्यूरो** : टीम इंडिया के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली इस समय अपने परिवार के साथ वृंदावन के संत महात्मा प्रेमानंद महाराज की शरण में पहुंचे हैं। इस दौरान विराट कोहली और उनके परिवार का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।

विराट कोहली हाल ही में ऑस्ट्रेलिया दौरे से भारत लौटे हैं। ऑस्ट्रेलिया दौरे पर विराट कोहली का खराब फॉर्म टीम इंडिया के लिए, फैंस और सिलेक्टर्स के लिए बहुत बड़ी चिंता का सबब बनता जा रहा है। ऐसे में कोहली जब प्रेमानंद के सामने गए तो स्वामी महाराज ने उनके बिना बोले की दिल की बात जान ली। संत प्रेमानंद महाराज ने कहा कि विराट कोहली अपने अभ्यास को निरंतर और नियंत्रण में रखते हुए आगे बढ़ें। अभ्यास की पुष्टि हो गई तो जीत पक्की है। उन्होंने कहा कि विजय के लिए दो चीजों की आवश्यकता होती है। एक अभ्यास और दूसरा प्रारब्ध। यदि प्रारब्ध नहीं है, सिर्फ अभ्यास है तब जीत मुश्किल हो जाती है। इसके लिए प्रभु के ज्ञान के साथ-साथ उनका नाम जपना आवश्यक है। विराट कोहली ने अपनी गिरती फॉर्म के बारे में संत प्रेमानंद से कोई सवाल नहीं किया था पर वे कोहली के दिल की भावनाओं तो भांप गए और उनकी गिरती परफॉर्मेंस के बारे में कहा कि, कभी-कभी आप जितना भी अभ्यास कर लें पर फिर भी आप विफल हो जाते हैं तो वह प्रारब्ध होता है। लेकिन अपनी असफलता में मुस्कुराना और धैर्य रखना चाहिए। ये बहुत बहुत कठिन है पर यही जरूरी है। यह पहली बार नहीं है जब विराट और अनुष्का किसी आध्यात्मिक स्थान पर गए हैं। कुछ साल पहले जब कोहली खेल में अपने बुरे प्रदर्शन से जूझ रहे थे तो उन्होंने नीम करोली बाबा आश्रम का दौरा किया था। इसी दौरान वो वृंदावन भी पहुंचे थे जहां उन्होंने प्रेमानंद महाराज की शरण ली थी। इस दौरान उनकी पत्नी अनुष्का शर्मा और बेटी वामिका भी उनके साथ थीं। विराट कोहली की मौजूदा टेस्ट फॉर्म को देखकर फैंस सोशल मीडिया पर उनके संन्यास की बात कर रहे हैं। 29 जून, 2024 में जब टीम इंडिया ने टी-20 वर्ल्ड कप जीता था तो विराट कोहली ने क्रिकेट के सबसे छोटे फॉर्मेट से संन्यास का ऐलान कर दिया था। ऐसे में चैंपियंस ट्रॉफी में विराट कोहली के प्रदर्शन पर सभी की नजर रहेगी। जिसमें विराट कोहली का अच्छा खेलना बेहद जरूरी है।



## नीरज वर्ष 2024 के सर्वश्रेष्ठ भाला फेंक एथलीट

### अमेरिका की प्रतिष्ठित खेल पत्रिका 'ट्रैक एंड फील्ड न्यूज' ने चोपड़ा को दिया सम्मान

● नई दिल्ली,

अमेरिका की प्रतिष्ठित खेल पत्रिका 'ट्रैक एंड फील्ड न्यूज' ने भारत के नीरज चोपड़ा को वर्ष 2024 का सर्वश्रेष्ठ भाला फेंक एथलीट चुना है। 27 वर्षीय भारतीय एथलीट नीरज चोपड़ा को पेरिस ओलंपिक 2024 में रजत पदक जीतने और पूरे सत्र में छह स्पर्धाओं में भाग लेते हुए दो बार शीर्ष पर और शेष चार में उपविजेता के रूप में उल्लेखनीय उपलब्धि के लिए इस सम्मान से नवाजा गया है।

#### छह स्पर्धाओं में भाग लेते हुए दो बार शीर्ष पर और शेष चार में उपविजेता रहे नीरज

नीरज चोपड़ा ने 2024 सत्र की शुरुआत मई में दोहा डायमंड लीग में 88.36 मीटर थ्रो के साथ की और वह चेकिया के जैकब वाडलेज के बाद दूसरे स्थान पर रहे। टोक्यो 2020 के स्वर्ण पदक विजेता ने फिनलैंड में पावो नूरमी गेम्स और भारत में नेशनल फेडरेशन सीनियर एथलेटिक्स प्रतियोगिता जीती। इसके बाद उन्होंने पेरिस ओलंपिक 2024 में 89.45 मीटर थ्रो के साथ अरशद नदीम के 92.97 मीटर के ओलंपिक रिकॉर्ड के बाद दूसरा स्थान हासिल किया। लुसाने डायमंड लीग में चोपड़ा ने अपने करियर का दूसरा सर्वश्रेष्ठ 89.49 मीटर थ्रो किया और ब्रुसेल्स में अपने सत्र का समापन किया। चोपड़ा दोनों प्रतियोगिताओं में पेरिस 2024 के कांस्य पदक विजेता ग्रेनाडा के पीटर्स के बाद दूसरे स्थान पर रहे।

ट्रैक एंड फील्ड न्यूज ने जैवलिन थ्रो में एंडरसन पीटर्स को दूसरे स्थान पर और पाकिस्तान के ओलंपिक चैंपियन अरशद नदीम छठे स्थान पर रहे थे। पाकिस्तान के एथलीट नदीम ने केवल दो अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं भाग लिया था जिसके कारण पत्रिका ने नदीम की सीमित भागीदारी को उनकी कम रैंकिंग का कारण बताया। उन्होंने ओलंपिक में रिकॉर्ड तोड़ प्रदर्शन किया था।



## ऑस्ट्रेलिया में मुझे जहर दिया गया था : नोवाक जोकोविच ने किया दावा

**सिडनी,** सर्बिया के स्टार टेनिस खिलाड़ी नोवाक जोकोविच ने दावा किया है कि जनवरी 2022 में ऑस्ट्रेलिया में उन्हें जहर दिया गया था। उन्होंने यह दावा साल के पहले ग्रैंड स्लैम ऑस्ट्रेलियन ओपन के शुरू होने से पहले किया है। ऑस्ट्रेलियन ओपन 2025 की शुरूआत 12 जनवरी से होगी। जोकोविच को कोविड-19 की वैक्सीन नहीं लगवाने की वजह से 2022 में ऑस्ट्रेलियन ओपन में हिस्सा लेने से रोक दिया गया था। उन्होंने ऑस्ट्रेलियन ओपन 2022 से पहले ट्रैवल डॉक्यूमेंट्स में गलत जानकारी दी थी। इसके लिए उन्हें मेलबर्न में हिरासत में लिया गया था। इसके बाद उनका वीजा रद कर ऑस्ट्रेलिया से वापस भेज दिया गया था। कानूनी कार्यवाही के दौरान उन्हें मेलबर्न के एक होटल में ठहराया गया था। उनका कहना है कि यहीं उन्हें जहर दिया गया था।



स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक सैयद ज़की हैदर के लिए इरानीयन आर्ट प्रिंटर्स 1534 कासिमजान स्ट्रीट दरियागंज नई दिल्ली 11006 से मुद्रित कराकर, 2684 गली काले खां कूचा चलान दरियागंज नई दिल्ली 02 से प्रकाशित किया।
संपादक : सैयद ज़की हैदर- हैड ऑफिस :- एफ19/4 सेकेंड फ्लोर नफीश रोड जामिया नगर दिल्ली- 110025., सम्पर्क सूत्र :- 9911371802, 9810383593
जितेन्द्र कुमार बिस्वाल ब्यूरो चीफ उड़ीसा/ गोविंद कनोडिया/ पटना/ सैय्यद यूसुफ अली नक़वी-पॉलिटिकल एडिटर। ई-मेल:- dailyloktantra@gmail.com

किसी भी प्रकार के विवाद हेतु निपटारे के लिए केवल दिल्ली न्यायालय ही मान्य होगी।
नोट- किसी भी समाचार/आलेख पर दावा प्रति दावा/आपत्ति समाचार प्रकाशन के 15 दिनों के अन्तराल तक ही मान्य होगा। समाचार पत्र में प्रकाशित आलेख से संपादक/प्रकाशक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।

क्षेत्रीय कार्यालय अनवार मंजिल नया टोला गंज नंबर 01 बेतिया/ बिहार/ पिन नंबर 84 5438/>> संवाददाता, सना खान/(डॉ. अमानुल हक) स्थानीय संपादक/बिहार)